


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 41 | ग्वालियर बुधवार 09 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




# प्यार में शक और 65 तोले सोने की सुपारी, पत्नी ने कराया डीलर का कत्ल

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। इस दोस्त ने ही प्रॉपर्टी डीलर गोली मारकर हत्या की थी। आरोप है कि संपत्ति हड़पने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति की हत्या करवाई थी। अपराध शाखा पालम विहार ने आरोपी पत्नी नीतू और प्रेमी के दोस्त और गोली मारने वाले उत्तर प्रदेश के संभल निवासी मोहम्मद्दीन (42) को पकड़ लिया है, जबकि इस मामले में प्रेमी बबूल खान अभी फरार है।

20 साल पहले हुई थी शादी

एसीपी (क्राइम) प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि 42 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर धर्मेश और नीतू की शादी 20 साल पहले हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। धर्मेश और नीतू दोनों को एक दूसरे पर विश्वास नहीं था और किसी न किसी बात पर एक दूसरे पर शक भी करते थे। इसी को लेकर उनका कई सालों से विवाद चल रहा था। पूछताछ के दौरान नीतू ने बताया कि उनके घर एक नौकरानी काम करती थी, उसको शक था कि पति का उससे चक्कर है। इस बात को लेकर कई बार विवाद हुआ और उसके बाद नौकरानी को हटा दिया गया था। लगभग छह महीने पहले दूसरी नौकरानी को घर पर काम करने के लिए रखा गया। उस नौकरानी ने नीतू की दोस्ती उत्तर प्रदेश के संभल निवासी बबलू खान से छह महीने पहले करवाई थी। उसके बाद दोनों आपस में बाते करने लगे और उनमें





प्यार हो गया। ऐसे में नीतू ने बबलू खान के साथ मिलकर तीन महीने पहले से पति की हत्या करने की योजना बनानी शुरू कर दी थी। सात दिन पहले प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करवा दी गई। नीतू ने ही प्रेमी को जानकारी दी थी कि धर्मेश सेक्टर-22 स्थित एक निर्माणाधीन प्लॉट में 29 अक्टूबर को सोने जा रहा है। सूचना मिलने के बाद बबलू खान अपने दोस्त मोहम्मद्दीन के साथ हत्या को अंजाम देने के लिए वहां पहुंच गया था। बबलू खान ने आने से पहले अपने व दोस्त के मोबाइल फोन से सिम कार्ड को निकाल दिया था और पहचान छिपाने के लिए कार की नंबर प्लेट भी हटा दी थी। बबलू खाने ने गिरफ्तारी से बचने के खूब उपाय किए थे।

### प्रेमी को पकड़ने के लिए पुलिस ने गांव में दबिश दी

एसीपी प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि बबलू खान और दोस्त मोहम्मद्दीन दिल्ली में रंगाई का काम करते थे। इसी दौरान बबलू खान की दोस्ती नीतू से हो गई थी। बबलू खान की जानकारी मिलने के बाद गुरुग्राम पुलिस की एक टीम उत्तर प्रदेश में उसके गांव गई, जहां पर पता चला कि वह अपना मकान बनवा रहा है। उन्होंने बताया कि वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल का भी बबलू खान ने ही इंतजाम किया था।

### वारदात से पहले प्रेमी को दिया था 65 तोला सोना

पत्नी नीतू ने खुलासा किया है कि पति की हत्या करवाने से पहले उसने बबलू खान को 65 तोले सोना दिया था, ताकि वह हत्या की योजना को अंजाम दे सके और किसी तरीके की कोई अड़चन न आए। उनकी योजना थी कि धर्मेश की हत्या करने के बाद सारी प्रॉपर्टी उसके नाम हो जाएगी और वह दोनों शादी कर लेंगे। हत्या के लिए बबलू खान ने पूरे शातिराना ढंग से योजना तैयार की थी। एसीपी (क्राइम) प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि आरोपी पत्नी एक दिन और मोहम्मद्दीन को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। बबलू खान की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पुलिस को गुमराह किया

जांच के दौरान पुलिस ने धर्मेश की पत्नी से भी कई बार पूछताछ की गई, लेकिन वह हर बार गुमराह करती रही। आरोपी मोहम्मद्दीन की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई और उसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया और पत्नी ने भी हत्या में शामिल होने की बात कबूल कर ली।

# सुकेश चंद्रशेखर के नए खत से मची खलबली



**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक और लेटर बम फोड़ कर आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किल बढ़ा दी है। सुकेश ने अपने इस पत्र में लिखा है कि अगर मेरी बात गलत निकली तो मैं फांसी के लिए तैयार हूं, लेकिन अगर आरोप सही साबित हुए तो क्या आप भी इस्तीफा दे देंगे।

सुकेश ने 3 पन्नों की इस नई चिट्ठी में कुल 7 पॉइंट्स में कहा कि केजरीवाल और उनके साथी कह रहे हैं मैं जानबूझकर चुनाव के समय यह सब कर रहा हूं, और ऐसा तब क्यों नहीं किया जब ईडी और सीबीआई मुझसे सवाल पूछ रहे थे। सुकेश ने खुद ही इसका जवाब देते हुए कहा कि पहले मैं चुप रहा और सब कुछ इग्नोर किया, लेकिन जेल प्रशासन के द्वारा लगातार मिल रही धमकियों और दबाव को झेलना मुश्किल हो गया। आपने और सत्येंद्र जैन पंजाब चुनाव, गोवा चुनाव के दौरान फंडिंग के लिए मुझ पर दबाव डाला, जबकि मैं जेल में बंद हूं, इसीलिए मुझे मजबूरी में कानून का सहारा लेना पड़ा। आप अपनी पुराने स्टाइल की इस ड्रामेबाजी को बंद करो, यह बहुत साफ है और सभी देख सकते हैं कि आप इस मुद्दे को दबाना और डायवर्ट की कोशिश कर रहे हैं। सुकेश ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आगे लिखा है कि सत्येंद्र जैन क्यों मुझसे लगातार पूर्व डीजी संदीप गोयल और जेल प्रशासन के खिलाफ शिकायत को वापस लेने के लिए कह रहे थे, और मुझे आपके चुनाव अभियान के लिए फंड देने के लिए धमकियां क्यों दी जा रही थीं। अगर आप सच्चे हैं तो आप जांच से क्यों डर रहे हैं। सुकेश ने आगे लिखा, 'केजरीवाल जी और मनीष जी ने कहा कि मैं यह सब इसलिए कर रहा हूं क्योंकि इससे मेरे केस में मदद मिलेगीड़ मैं बता दूं कि वह गलत सोच रहे हैं। मुझे किसी की मदद नहीं चाहिए और मैं खुद अपना केस लड़ने और अपनी बेगुनाही साबित करने में सक्षम हूं, इसलिए असल मुद्दे से भटकाने की कोशिश मत कीजिए।

# 39 विधायकों के साथ फिर असम जाएंगे सीएम एकनाथ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और 39 विधायक एक बार फिर असम का दौरा करने वाले हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार को गिराए जाने के बाद यह पहला विजिट है। इससे पहले उद्धव सरकार में बगावत करके एकनाथ और शिवसेना के बागी विधायकों ने असम में ही शरण ली थी। इस बार एकनाथ की प्लानिंग क्या है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी पार्टी के 39 विधायक गुवाहाटी के प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर में मत्था टेकेंगे और महाराष्ट्र में एक नई सरकार के गठन के लिए आभार व्यक्त करेंगे। शिंदे खेमे के एक



पदाधिकारी ने इसे शिंदे-फडणवीस सरकार की स्थापना से पहले की गई वचन पूर्ति (एक वादा पूरा करना) के रूप में वर्णित किया है। दरअसल, ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद शिंदे और बागी विधायकों ने इस साल जून में गुवाहाटी में डेरा डाला था। बाद में उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन किया और जुलाई में सत्ता संभाली थी। शिंदे खेमे के सूत्रों ने बताया कि गुवाहाटी के बाद विधायक अयोध्या में राम मंदिर भी जाएंगे, लेकिन अयोध्या यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। गुवाहाटी में व्यवस्थाओं की जांच करने और सीएम और विधायकों के लिए एक यात्रा कार्यक्रम तैयार करने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक टीम पहले ही निकल चुकी है। विधायकों के परिवार के सदस्यों के भी यात्रा पर जाने की संभावना है। शिंदे के असम के राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी और असम के पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत से मिलने की उम्मीद है।

### हिमाचल चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

# 26 नेता हाथ का साथ छोड़ भाजपा में शामिल



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। मतदान से महज चार दिन पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव धर्मपाल ठाकुर खंड समेत कांग्रेस के 26 नेता सोमवार को सत्ताधारी भाजपा में शामिल हो गए। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की कुल 68 सीटें हैं। हिमाचल में केवल एक चरण में वोटिंग होगी। इसके लिए 12 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 8 दिसंबर को मतगणना होगी। कांग्रेस के इन सभी 26 नेताओं ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा के राज्य चुनाव प्रभारी सुधन सिंह की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर शिमला से भाजपा प्रत्याशी संजय सूद भी मौजूद थे।

भाजपा से हाथ मिलाने वालों में कांग्रेस के पूर्व महासचिव धर्मपाल ठाकुर, पूर्व सचिव आकाश सैनी, पूर्व पार्षद राजन ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित मेहता, मेहर सिंह कंवर, युवा कांग्रेस राहुल नेगी, जय मां शक्ति सामाजिक संस्थान अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर, नरेश वर्मा, चमयाना वार्ड सदस्य योगेंद्र सिंह, टैक्सी यूनियन सदस्य राकेश चौहान, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज शिमला के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र शर्मा, राहुल रावत, सोनू शर्मा, अरुण कुमार, शिवम कुमार, गोपाल ठाकुर शामिल हैं। उनके साथ पाला बदलने वाले अन्य लोगों में चमन लाल, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव मुनीश मंडला, बालकृष्ण बॉबी, सुनील शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, संदीप समता और रवि शामिल हैं। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भाजपा के सभी नए कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आइए हम भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए मिलकर काम करें। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की जीत पर भरोसा जताया और कहा कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करती है। इस दौरान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने ट्वीट कर कहा, ÷रिवाज बदल रहा है, आज शिमला के कांग्रेस पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों सहित कई साथियों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थामा। भाजपा परिवार में आप सभी का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन। आइये, भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए एकजुटता के साथ कार्य करें। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में बीते कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस को बारी-बारी से पांच-पांच साल के लिए सत्ता में रहने का मौका मिलता रहा है। इस बार भी इसी पर पार्टी की उम्मीदें टिकी हैं। बता दें कि, 2017 के विधानसभा चुनावों में, 68 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 44 और कांग्रेस को 21 सीटें मिलीं, जिसमें सत्तारूढ़ दल को 48.8 प्रतिशत और सबसे पुरानी पार्टी को 41.7 प्रतिशत वोट मिले। 2012 में, कांग्रेस ने 36 सीटें जीतकर विधानसभा चुनाव जीता था और भाजपा को केवल 26 सीटें मिली थीं।

### गुजरात में भाजपा को चुनौती देने चले

# नीतीश कुमार को एंट्री से पहले ही झटका

**गांधीनगर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुजरात विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी को चुनौती देते हुए दिखेंगे या नहीं, इस पर एक बार फिर सस्पेंस बन गया है। जनता दल यूनाइडेट (जेडीयू) और भारतीय ट्राईबल पार्टी (बीटीपी) में गठबंधन के ऐलान के 24 घंटे के भीतर ही इसके भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीटीपी के संस्थापक छोटूभाई वसावा ने सोमवार को नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान किया तो आज उनके बेटे महेश वसावा ने यह कहते हुए अटकलों को जन्म दे दिया कि उन्हें इस गठबंधन के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने यह कहकर भी पिता के फैसले पर सवाल उठा दिए कि उनकी पार्टी में लोकतंत्र और सबकी सहमति से ही कोई फैसला हो सकता है। हालांकि, छोटूभाई वसावा अपनी बात पर अब भी अडिग है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बाप-बेटे के बीच



नीतीश के नाम पर सहमति बन पाती है या नहीं और यदि ऐसा नहीं होता है तो जेडीयू क्या अकेले लड़ने का ऐलान करेगी। दरअसल, जेडीयू और बीटीपी के बीच गठबंधन का ऐलान दोनों ही दलों की ओर से मीडिया के सामने किया जा चुका है। खुद बीटीपी संस्थापक छोटूभाई वसावा ने नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान किया। इस बीच, उनके बेटे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश वसावा ने कहा है कि उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं है। न्यूज 18 गुजराती से फोन पर बातचीत में उन्होंने जेडीयू से गठबंधन को लेकर सवाल पर कहा कि वह कुछ नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा, आप किस बारे में बात कर रहे हैं, मुझे नहीं पता क्या कहा गया है। मैं दो दिन के लिए बाहर था, मुझे नहीं पता क्या तथ्य है। बीटीपी में लोकतंत्र है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड इस तरह के फैसले करता है।

**छोटूभाई वसावा अपनी बात पर अडिग, मतभेद से इनकार**-हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से गठबंधन को लेकर अनभिज्ञता जाहिर किए जाने के बावजूद छोटूभाई वसावा अपनी बात पर अडिग हैं। महेश वसावा की ओर इनकार किए जाने के तुरंत बाद इसी चैनल से बातचीत में छोटूभाई ने कहा कि वह (महेश वसावा) बाहर गए हुए थे, इसलिए उन्हें जानकारी नहीं है। छोटूभाई ने इस बात से भी इनकार किया कि उनके और उनके बेटे के बीच किसी तरह का मतभेद है। उन्होंने कहा कि वह महेश से बात करेंगे।

### डी-कंपनी ने नेताओं-बिजनेसमैन्स को

# टारगेट करने के लिए बनाई स्पेशल यूनिट

**नई दिल्ली।** भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने डी-कंपनी की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गिरफ्तार आरोपियों को हवाला के जरिए भारी रकम भेजी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की ओर से यह दावा किया गया है।



एनआईए ने यह भी दावा किया कि ये गतिविधियां लोगों में डर पैदा करने के लिए मुंबई और भारत के अन्य हिस्सों में आतंकवादी हमले करने से संबंधित थीं। जांच एजेंसी ने ये दावे पिछले सप्ताह मुंबई में एक विशेष अदालत के समक्ष आतंकवाद और डी-कंपनी से संबंधित मामले में दाखिल आरोपपत्र में किए हैं। एनआईए ने आरोपपत्र में यह भी दावा किया है कि डी-कंपनी ने राजनेताओं और व्यापारियों सहित दूसरी हस्तियों पर हमला करने के लिए एक स्पेशल यूनिट बनाई थी। डी-कंपनी से आशय अंडरवर्ल्ड डॉन और भारत में सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक दाऊद इब्राहिम से है। चार्जशीट में इब्राहिम और उसके करीबी छोटा शकील को वांछित आरोपी बनाया गया है, जिसमें एनआईए ने पांच आरोपियों को नामजद किया है।



# सिरोंज-लटेरी के पर्यटन स्थलों पर होंगे डेढ़ करोड़ के विकास कार्य

## विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यपालन यंत्री के साथ किया स्थलों का अवलोकन





**सिरोंज/लटेरी**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

लटेरी एवं सिरोंज के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटन विभाग के माध्यम से सौंदर्यकरण के लिए विधायक उमाकान्त शर्मा के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुए विकास कार्यो का पर्यटन विभाग भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया। पर्यटन विभाग से स्वीकृत हुए करीब डेढ़ करोड़ की राशि से होने वाले विकास कार्यो में प्रमुख रूप से सिरोंज के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवपुर सहित सियाराम बाबा की आश्रम स्थली आमझिर ओर बड़ी मदागन लटेरी में तीर्थ यात्रियों के विश्राम हेतु दिवस बसेरा शेड निर्माण सहित फर्श निर्माण, लाइटिंग,बैठने के लिए कुर्सी ओर शौचालयों आदि का निर्माण शामिल है। मंगलवार को विधायक उमाकांत शर्मा के साथ भोपाल से सिरोंज पहुँचे पर्यटन विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री ब्रजेश तिवारी ने विभाग के इंजीनियरों की टीम के साथ प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवपुर पहुँचकर मंदिर के सामने प्रस्तावित मैदान में विशाल शेड निर्माण स्थल का अवलोकन किया। टीम ने यहाँ पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा पूर्व में पर्यटन विभाग के माध्यम से कराए गए कार्यो का भी अवलोकन किया। इस मौके पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने यात्रियों की सुविधा के लिए अनेक दिनों से देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहे सार्वजनिक शौचालय के रिनोवेशन कराने के भी निर्देश दिए। यह करीब 55 लाख रु के विकास कार्य विभाग के माध्यम से होना है। इसके बाद दल में शामिल अधिकारियों ने लटेरी तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल आमझिर ओर बड़ी मदागन का दौरा किया। यहाँ महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी त्यागी के मार्गदर्शन में विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी कार्ययोजना से अधिकारियों को अवगत कराया। यहाँ मंदिर प्राँगण में करीब 16 लाख से अधिक राशि से दिवस बसेरा शेड एवं शौचालय का निर्माण किया जाएगा। यहाँ उन्होंने प्राचीन दूधिया कुंड की बाउंड्री को ठीक कराने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार बड़ी मदागन मंदिर परिसर में करीब 53 लाख की लागत से बनने वाले दिवस बसेरा शेड एवं अन्य विकास कार्यों की कार्ययोजना से अवगत कराया। इस मौके पर पर्यटन विभाग के दल से विधायक उमाकांत शर्मा ने इन स्थलों पर भविष्य में नागरिकों की सुविधाओ के विस्तार हेतु पर्यटन विभाग के अधिकारियों से कार्ययोजना भी तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में विधायक उमाकान्त शर्मा में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पर्यटनमंत्री सुश्री उषा ठाकुर से सिरोंज के धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से ऐतिहासिक स्थलों पर महत्वपूर्ण पर्वो एवं त्योहारों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से विकास कार्य कराए जाने हेतु प्रस्ताव सौपकर मांग की थी जिस पर कार्यवाही करते हुए पर्यटन विभाग के माध्यम से इन स्थलों के लिए तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए डेड़ करोड़ के विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान की है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सिरोंज के अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण प्रजापति, लटेरी तहसीलदार अजय शर्मा, सहित प्रमुख विभागों के अधिकारीगण एवं प्रमुख जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। सिरोंज एवं लटेरी के महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से स्वीकृति मिलने पर सिरोंज एवं लटेरी मण्डल के नेताओं ने माननीय मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान,पर्यटनमंत्री उषा ठाकुर,प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग एवं विधायक उमाकान्त शर्मा का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में सिरोंज मण्डल अध्यक्ष पारस तारण देवपुर मंडल अध्यक्ष झारसिंह दाँगी, चितावर मण्डल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,लटेरी मण्डल अध्यक्ष राजकंवर बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र बघेल, सिरोंज नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,लटेरी नपाध्यक्ष शैलेश संजय भंडारी आदि नेतागण शामिल हैं।

# खनिज साधन एवं श्रम मंत्री ने किया पुरस्कार वितरण

**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के 67वें स्थापना दिवस के तहत साप्ताहिक कार्यक्रमों के समापन अवसर पर 7 नवम्बर को स्थानीय टाउन हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र वितरित किए। व्यंजन प्रतियोगिता, मैराथन और अनुभूति कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रतिभागियों सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने पर पुरस्कारों का वितरण किया गया। दीप प्रज्जवलन और म.प्र. गान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रतिभागियों द्वारा उत्साह और आत्मविश्वास के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया है। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक दिवस बेहतर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।



उन्होंने विभिन्न श्रेणियों और आयु वर्ग के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा




**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**

**पन्ना।** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में एक सप्ताह में प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें और ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार लाएं। साथ ही टीएल और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पात्र हितग्राहियों को शासकीय विभागों की योजनाओं का तत्परतापूर्वक लाभ प्रदान करें। साथ ही एक से अधिक विभागों से संबंधित प्रकरणों में जरूरी समन्वय के साथ कार्य करें। सभी अधिकारियों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि श्रम पदाधिकारी ब्लॉक में भ्रमण कर जनपद पंचायत स्तर पर भी प्रकरणों का निराकरण करवाएं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को समय पर पेंशन की अदायगी शुरू करने के लिए 6 माह पहले ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अब गुरूवार को होने वाली विभागीय समीक्षा बैठकें प्रति सोमवार एवं मंगलवार को होंगी, जबकि शेष दिवसों में अधिकारी फील्ड विजिट करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत कार्यालयों में ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन को सचिव के माध्यम से संबंधित विभागों को प्रेषित करने के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही विभागीय जिला अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों को आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश जारी करने के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने शासकीय कार्यालयों सहित सभी पंचायत कार्यालयों में शासकीय योजनाओं के बारे में हितग्राहियों को अवगत कराने के लिए प्रचार सामग्री की व्यवस्था करवाने के लिए कहा।

## अधिकारियों को भ्रमण के दौरान निगरानी के संबंध में निर्देश

**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति**

**पन्ना।** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने सभी शासकीय अधिकारियों को शासकीय कार्य अथवा शासकीय वाहन से क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनसमस्याओं और शासकीय संपत्तियों के दुरूपयोग की अनदेखी न कर तत्काल व्हाट्स एप पर जानकारी से अवगत कराने और संबंधित विभाग प्रमुख से फोन पर संपर्क कर निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सामान्यतः अधिकारियों द्वारा शासकीय कार्य व शासकीय वाहनों से भ्रमण के दौरान शासकीय संपत्तियों के दुरूपयोग, सड़क, बिजली, पानी और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता इत्यादि की अनदेखी की जाती है। अतः इस प्रकार की लापरवाही न कर जिम्मेदारी के साथ वस्तुस्थिति से अवगत कराने व निराकरण के संबंध में निर्देशित किया गया है। आगामी टीएल बैठक में निराकरण के संबंध में जानकारी भी ली जाएगी।

# हुंकार रैली के लिए समर्थन जुटाने भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली स्कूटी रैली





**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**बिलासपुर।** बिलासपुर में 11 नवंबर को आयोजित महतारी हुंकार रैली के पूर्व आज बिल्हा में प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत और जिला अध्यक्ष श्रीमती जयश्री चौकसे के नेतृत्व में स्कूटर रैली निकाली गई। यह रैली बिल्हा के विभिन्न गली, मोहल्ले में भ्रमण करती हुई दीवारों में स्लोगन लिखते और नारे लगाते हुए निकाली गई। तत्पश्चात महिलाओं की यह रैली ग्राम रहंगी का भ्रमण करती हुई दीवारों में स्लोगन और नारे लगाते हुए निकाली गई। तत्पश्चात रैली का समापन हुआ। यह रैली बिल्हा के विश्राम गृह के समीप स्थित मुख्य मार्ग से प्रारंभ हुई। जिसे श्री सोमेश तिवारी और कोमल सिंह ने झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में श्रीमती शालिनि राजपूत पूजा विधानी श्रीमती जयश्री चौकसे विभा अवस्थी शीतल नायक प्रेमलता शर्मा संध्या तिवारी आशा दुबे विभा गौराहा सुनीता मानिकपुरी रुकमणी कौशिक बंदना जेंद्रे प्रभा विश्वकर्मा पुनीता डहरिया अंजली कौशिक राजेश्वरी गुप्ता गायत्री दुबे जया पांडे भारती देवांगन रानी चक्रवर्ती पूर्णिमा उपाध्याय अंजली निषाद संतोषी पात्रे निर्मला धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रहीं।

## भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में राज्य सरकार के वादा खिलाफी को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

कोटा। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा मंडल द्वारा पूरे प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ हुंकार रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालनी सिंह व जिला महामंत्री गायत्री साहू, के नेतृत्व में हजारों की संख्या में महिलाओं द्वारा सीएम भूपेश बघेल की वादाखिलाफी पर थाली बजाते हुए कोटा रेल्वे स्टेशन से पैदल रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव कर नारे लगाते हुए राज्यपाल के नाम ग्यापन सौंपा गया , कोटा एसडीएम कार्यालय के सामने महिला मोर्चा मंडल ने छत्तीसग? के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ वादाखिलाफी के नारे लगाए तत्पश्चात कोटा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया महिला मोर्चा मंडल की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह राजपूत ने अपनी बात रखते हुए शराबबंदी, रेडी टू ईट, एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार जैसे कई मुद्दों पर निशाना साधा। इस विधानसभा हुंकार रैली के दौरान महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष जयश्री चौकसे, महामंत्री गायत्री साहू, सहित भारी संख्या में महिला मोर्चा मंडल के सदस्य शामिल रहे। इस पूरे रैली के दौरान भाजपा पुरुष वर्ग ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इसमें प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष मनोहर सिंह राज, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक,जिला महामंत्री मोहित जायसवाल,राजू राठौर, बजरंग जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा के पुरुष वर्ग भी शामिल रहे।

# सांसद ने दिशा बैठक में की विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा




**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**

**पन्ना।** सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। इस अवसर पर सांसद श्री शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई व कृषि बीमा योजना सहित पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, डीएमएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी, उज्ज्वला योजना और विद्युत विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय सीमा में परियोजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। जल जीवन मिशन अंतर्गत पात्र परिवारों को लाभांवित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना और निर्मित जल संरचनाओं के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 945 ग्रामों को योजना में लाभांवित किया जाएगा। मझगांय परियोजना के तहत विस्थापन संबंधी मुद्दे को तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है। इसलिए संबंधित अधिकारी गंभीरतापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। एकल एवं समूह नल जल योजनाओं के कार्यों में प्रगति के लिए टॉस्क फोर्स के गठन और कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा के लिए भी निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्राम स्तर पर शिविर लगाएं। स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि भी गरीब व्यक्तियों को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आगे आएं और आवश्यक सहयोग करें। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना कार्यालय सागर के अधिकारी को अमानगंज-पवई-कटनी मार्ग को समयावधि में पूर्ण कराने के लिए कहा। लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही और ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। पन्ना-अजयगढ़ मार्ग पर स्थापित टोल पर अवैध वसूली पर रोकथाम लगाने सहित वाणिज्यिक वाहनों से कर वसूल करने वाली कंपनी का नाम और संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर बोर्ड पर चस्पा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धरमसागर तालाब का सौन्दर्यीकरण और छत्रसाल स्टेडियम के निर्माणाधीन कार्य को समय पर पूर्ण करें। कार्य में गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। मुक्तिधाम में पेयजल व्यवस्था और सौन्दर्यीकरण के निर्देश भी दिए गए। डायमण्ड म्यूजियम के निर्माण सहित वॉलीवाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 16 से 22 दिसम्बर तक पन्ना में आयोजित होने वाले नेशनल वॉलीवाल टूर्नामेंट के आयोजन, ग्राम पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार और टूर्नामेंट से संबंधित अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी चर्चा कर निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री रामकिशोर नानो कांवरे, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का लोकार्पण**–सांसद श्री शर्मा ने बायपास रोड स्थित नवनिर्मित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का लोकार्पण किया। लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा 2 करोड़ 41 लाख 80 हजार रूपये की लागत से पुनर्वास केन्द्र का निर्माण कराया गया है।

# छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के भंडाफोड़ से कांग्रेस दहशत में: भाजपा

## चिटफंड में अगर 6 हजार करोड़ की लूट हुई तो आपने वापिस दिलवाने का वादा किया था अब तक क्यों नही दिलवाए:अमित चिमनानी

मुख्यमंत्री द्वारा ईडी को नान मामले एवं चिटफंड कंपनी मामले में लिखे गए पत्र को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा यह संतोष की बात है कि कुछ दिन पहले तक जो कांग्रेस ईडी को भला बुरा कहती थी आज उनसे जांच की अपील कर रही हैं राष्ट्रीय एजेंसियों में सभी का विश्वास होना अच्छी बात है। अमित चिमनानी ने नान घोटाले मामले में कहा कि 12 अप्रैल 2017 को छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने माननीय प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी थी एवं उस चिट्ठी में कांग्रेस नेताओं ने उन अधिकारियों पर बड़ी कार्यवाही की मांग की थी लेकिन आज वही अधिकारी सरकार में प्रमुख पदों पर हैं तो कांग्रेस के लिए 2017 में नान घोटाले के आरोपी अलग थे 2022 में अलग है। जहां तक बात जांच की रही तो वह ईडी कर रही हैं ईडी ने तो यह कहा है कि भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास हो रहा है बड़े-बड़े वकील सुप्रीम कोर्ट में लगाए जा रहे हैं अगर नान घोटाले की निष्पक्ष जांच को समय से पूरा होने देंगे,बार-बार उसमें बाधा नहीं बनेंगे, तो निश्चित तौर पर दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सकेगी ।सरकार को भ्रष्टाचारियों को बचाने की जगह जांच में सहयोगी बनना चाहिए। चिटफंड मामले में अमित चिमनानी ने कहा कि कांग्रेस के दावे के हिसाब से अगर यह 6000 करोड़ों का घोटाला है तो कांग्रेस सरकार ने चुनाव पूर्व यह वादा किया था कि वह चिटफंड मामलों में पूरी राशि वापस करवाएगी, 4 सालों में सरकार 40 से 50 करोड़ भी वापस नहीं करवा पाई तो बाकी के पैसे वापस क्यों नहीं करवाए।

अमित ने कांग्रेस से सवाल किया कि

1.कांग्रेस को सरकार में आए 4 साल हो गए हैं अब तक चिटफंड मामलों की जांच वह स्वयं पूरी क्यों नहीं कर पाई।

2.जितनी जांच की है उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की।

3.केंद्रीय एजेंसियों को जब भी कोई जांच की मांग को लेकर पत्र लिखता है तो उसे तथ्य भी देने होते हैं कांग्रेस ने ऐसा कोई बैंक स्टेटमेंट या पत्र या कोई ट्रांजैक्शन डिटेल या अन्य कोई ऐसा प्रमाण क्यों नहीं दिया जिससे यह लगे कि अवैध रूप से पैसों का गबन भाजपा या भाजपा के किसी नेता ने किया है और 6 हजार करोड़ की राशि की गणना वो कैसे कर रहे है। कुछ पेपरों में छपे फोटोग्राफ्स पत्र के साथ लगा कर जांच की मांग करना हास्यप्रद है। असल में कांग्रेस उनके राज में हो रहे भ्रष्टाचार के भंडाफोड़ से घबरा गई है। ईडी को पत्र लिखने के साथ विपक्ष के सवालों का जवाब देना राज्य सरकार का कर्तव्य है।

# भूपेश हिन्दू धर्म को गंदा बताने वाले को कांग्रेस से बाहर कराएं या खुद कांग्रेस त्यागें: बृजमोहन

**रायपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष सतीश जारकिहोली द्वारा हिन्दू शब्द को गंदा शब्द बताने पर कांग्रेस पर जमकर बरसते हुए कहा है कि हिंदू शब्द की गलत व्याख्या सनातन संस्कृति का अपमान है । यही भूपेश बघेल और उनके नेता राहुल गांधी का असल राजनीतिक धर्म है। राहुल गांधी हिन्दू और हिंदुत्व को अलग अलग कर नई व्याख्या करते हैं और भूपेश बघेल राहुल के अनर्गल प्रलाप के ब्रांड एम्बेसडर बने घूमते हैं। जबकि कांग्रेस के सनातन हिन्दू विरोधी चरित्र का प्रदर्शन उसके कर्नाटक अध्यक्ष ने कर दिया है। पूर्व मंत्री तथा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने है। कांग्रेस मूलतः सनातन हिन्दू विरोधी है। इसके नेता जब चाहे हिंदुत्व का अपमान करते हैं। भगवान श्री राम के अस्तित्व को नकारते हैं। काल्पनिक बताते हैं और हिंदुओं के वोट की लालच में जनेऊधारी बन जाते हैं। पुष्कर हो आते हैं। गोत्र भी बता देते हैं। यहां पर कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री खुद अपने आप हिन्दू व सनातनी बताते हैं। भजनों पर नृत्य करने का स्वांग करते हैं। आज उन्हीं की पार्टी के कर्नाटक प्रदेश के अध्यक्ष ने हिंदू धर्म के बारे में बेहद आपत्तिजनक विवादित और निंदनीय टिप्पणी की है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तुष्टिकरण के झंडावरदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताए कि क्या वे अपने कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष की बातों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल अगर वास्तव में हिंदू धर्म को मानते हैं, भगवान राम में आस्था रखते हैं, सनातन संस्कृति को मानते हैं, सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा रखते हैं तो अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी से तुरंत ऐसे हिंदू विरोधी प्रदेश अध्यक्ष पर कार्यवाही कर उन्हें पार्टी से बाहर करने की मांग करें और मांग पूरी न होने पर हिन्दू धर्म का अपमान करने वाली कांग्रेस का परित्याग करने का साहस दिखाते हुए अपने हिन्दू होने का परिचय दें।

# दतिया जिले के सियोडा में पुराने पुल से गुजर रहा ट्रैक्टर सिंधु नदी में गिरा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अव्यवस्था के नाम पर साधा सरकार पर निशाना

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड-दतिया।** 7 नवंबर 2022 को दतिया जिले के सियोडा मैं पुराने पुल से गुजर रहा ट्रैक्टर सिंधु नदी में चला गया। जिससे वहां चीख-पुकार, अफरातफरी की स्थिति मच गई। 3 लोगों की मृत्यु हो गई। ट्राली में बैठे दो दर्जन से ज्यादा लोगों के घायलों की खबर है। 10 लोग गंभीर हैं। उक्त जानकारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य राजेश शर्मा ने प्रेस को दी है। माकपा नेता ने कहा कि प्रदेश और केंद्र में बैठी डबल इंजन की सरकार ने सिहोडा, इंदुखी, लांच, रतनगढ़ मैं सिंध नदी पर इतने घटिया पुल बनवाए। जो सिंध नदी में बाढ़ आने पर ढह गए। पराईच का पुल मजबूत था इसलिए बच गया। इन पुलों को ध्वस्त हुए डेढ़ वर्ष से ज्यादा का समय हो गया। लेकिन डबल इंजन वाली सरकार, सबका साथ सबका विकास का वादा करने वाली सरकार यह भूल ही गई कि क्षतिग्रस्त पुलों को पुनः बनाना पड़ेगा। 7 नवंबर को भिंड जिले के दवोह क्षेत्र के जखोली विडवा गांव के श्रद्धालु रतनगढ़ माता के दर्शन करके गांव लौट रहे थे। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे थे। काश, यदि सरकार ने क्षतिग्रस्त पुल को बना दिया होता तो इन निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। प्राप्त जानकारी के अनुसार चारो पुल टूटे हुए पड़े हैं। कई हजारों की संख्या में लोग जान जोखिम में डालकर नदी को पार करते हैं। माकपा नेता ने कहा कि सिंध नदी से बरसों से भारी मात्रा में रेत निकाला जा रहा है। जिससे सरकार को अरबों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। सरकार के संरक्षण में रेत माफिया रेत बेचकर कई करोड़ों के मालिक बन गए। सिर्फ चार-पांच महीने की रेत की धनराशि से चारों पुलों का निर्माण हो सकता था। लेकिन सरकार में बैठे नेताओं और अफसरों को जनता की चिंता नहीं, अपनी तिजोरीया भरने की ज्यादा चिंता है। माकपा नेता ने कहा कि ग्वालियर, बड़ागांव, विलेहटी, चितौरा, मौ,सिहोडा, लहार रोड न तो नेशनल हाईवे है, न स्टेट हाईवे है। इस रोड पर डबल इंजन वाली सरकार ने ग्वालियर जिले के खरूरी पर एवं भिंड जिले के चितौरा पर टोल वसूली शुरू कर दी। जानकारी मिली है टोल वसूली का ठेका सरकार से जुड़े हुए लोगों के पास है। नेताओं ने अपने चहेतों को टोल वसूली का ठेका दिलवा दिया है। माकपा नेता ने इस टोल टैक्स वसूली को जनता की लूट टैक्स वसूली करार दिया है। अभी वसूली की शुरुआत ट्रकों से हुई है। आने वाले समय में ट्रैक्टर, लोडिंग वाहन, कारों से भी वसूली की योजना है। माकपा नेता ने सरकार में बैठे नेताओं को सलाह दी है कि यह तो लूट की सौगात हैं। जनता को सौगाते देना है तो किसानों के कर्ज माफ करो। खाद डीजल पेट्रोल सस्ती करो। जिले में सिंचाई के लिए नहरों का निर्माण करो। नौजवानों को रोजगार दो। आवारा गायों के लिए गौशालाऐ बनाओ ताकि गायों को भी बचाया जा सके एवं किसानों की फसलों को भी बचाया जा सके।

# हरे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, प्रशासन मौन: यादव

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। गोहद के वार्ड क्रमांक 12 में छैकुर वाले हनुमान जी के पास आंगनबाड़ी परिसर में सौजना और अन्य हरे भरे वृक्ष खड़े थे। शासन प्रशासन की अनुमति लिए बगैर उक्त हरे भरे पेड़ काट दिए गए। उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया के वृक्ष बेटे के समान होते हैं। हमने वृक्ष काटने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आवेदन महिला बाल विकास, गोहद थाना प्रभारी एवं गोहद एसडीएम को दिया है। लेकिन प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते पर्यावरण विरोधी एवं वृक्ष काटने वालों के हौसले बुलंद हैं। श्री यादव ने कहा कि इन पर्यावरण विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है। ताकि हरे भरे वृक्षों को बचाया जा सके। और मध्य प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रशासन का यह रवैया है तो आम जनता की क्या स्थिति होगी कल्पना की जा सकती है। श्री यादव ने पर्यावरण विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही आम जन से ऐसे पर्यावरण विरोधियों से वृक्षों की रक्षा और पर्यावरण को स्वच्छ कर उसके प्रति समर्पण का आग्रह किया है।

# भाजपा मंडल गोहरापदर की मासिक बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनी रणनीति

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर की प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक नगर के शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के संबंध में चर्चा हुई एवं आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई। विधायक डमरूधर पुजारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले समय में और तेज़ी और मज़बूती के साथ कार्य करने की आवश्यकता है आने वाले वर्ष 2023 में हमें विधानसभा के चुनाव में जाना है इस वजह से आने वाले एक वर्ष महत्वपूर्ण है.एवं प्रदेश की जन विरोधी कांग्रेस सरकार के काले चिट्ठे को भी जनता के बीच रखना ज़रूरी है क्योंकि भूपेश सरकार प्रदेश को खोखला करने में लगी हुई है. पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने कहा कि हम वर्तमान में संगठन के विभिन्न कार्यों को बड़े तेज़ी से कर रहे हैं परंतु इससे भी तेज गति से हमें कार्य करने की ज़रूरत है भाजपा के एक कार्यकर्ता सौ कार्यकर्ताओं के बराबर है और हमें अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग आने वाले विधानसभा चुनाव मे करना है,सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ मे डटे रहे और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाये। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण कम करने के विरोध में 9 नवम्बर को होने वाले चक्काजाम एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व मे होने वाले प्रदेश स्तरीय हुंकार रैली में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ.योगीराज माखन कश्यप,पि.व.मोर्चा जिला महामंत्री जयराम साहू, सांसद प्रतिनिधि खगेश्वर नायक महामंत्री व्दय तानसिंह मांझी,मोहित यादव शोभित ध्रुवा,उग्रसेन साहू,सनत मांझी,बेनुराम नागेश,जितेंद्र मांझी,दुबेराम ध्रुवा,लम्बोदर साहू,शिवराज यादव,अशोक नागेश,राजेन्द्र यादव,चंद्रप्रकाश साहू,रुपसिंह मरकाम,यशवंत ध्रुवा,दिनेश वैष्णव,दुर्गाप्रसाद मिश्रा,विनीता यादव,दीपक सागर,गणेश नागेश,देवीराम नेताम,भरत मिश्रा,प्रभुलाल मांझी,खुदेश्वर यादव,धनीराम सिन्हा,प्रेमसिंह यादव,नरसिंग यादव,पदमन नागेश,रोहित नागेश,मंजित मांझी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस प्रदेश संयुक्त सचिव एवं महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक ने की प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर करवाया अवगत

## गोगा देवी ने भी मिडिया से रूबरू होकर अपने क्षेत्र की बात रखेगी

**पुष्पांजलि टुडे, पाली राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**



**गंगानगर राजस्थान।** रायसिंहनगर यूथ कांग्रेस प्रदेश संयुक्त सचिव एवं महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की और अपने क्षेत्र में राज्य सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया जहां उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में पेयजल को लेकर गंभीर समस्या से अवगत कराया तो वही सीमा क्षेत्र में ही सेम ग्रस्त जमीन को लेकर भी अवगत करवाया जहां उन्होंने डोटासरा को ग्राम पंचायत 22 पि,टी,डी, बरूवाला, 75 एनपी 37, पीएस, 43, पी, एस, आदि गांव में भारत पाक सीमा के बिल्कुल नजदीक है जिनमें लगातार सेम का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसके चलते अनेक किसान बेघर हो गए इस और सरकार का ध्यान आकर्षित करवाना चाहती हूं वही इन गांव में पेयजल की भी गंभीर समस्या है जिसको देखते हुए आपसे आग्रह करूंगी कि जल्द से जल्द पेयजल सुचारू रूप से शुरू करवाया जाए तो वही जनता जल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में बने वाटर वर्क्स जो पिछले लगभग 6 माह से ठेकेदारों द्वारा तोड़फोड़ की गई है जिसके चलते उन ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है आपसे आग्रह करूंगी कि उन ठेकेदारों को पाबंद करवाया जाए ताकि वह समय पर अपना कार्य कर आम जनता को राहत पहुंचाएं और किसानों को मिलने वाली यूरिया जो अभी खड़ी फसल के लिए बहुत जरूरी है वह भी किसानों तक जल्द से जल्द पहुंचे ताकि आने वाली फसल मैं उनको लाभ हो सके क्योंकि अभी काम का वक्त है वक्त पूरा दिन किसान लाइन में लगकर मात्र 2 गटे खाद्य ले जा पा रहा है जबकि इस वक्त खाद की बहुत आवश्यकता है और उन्हें खाद मिलनी भी चाहिए और भी अनेक मामलों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करवाया तो वही प्रेस वार्ता में भी गोगा देवी नायक ने मीडिया से बात करते हुए अपनी बात रखी तो इस मौके पर गोविंद सिंह डोटासरा ने गोगा देवी को बधाई देते हुए कहा कि आपने जो बात मीडिया के सामने रखी है यह एक कांग्रेस का मंझा हुआ प्रवक्ता ही रख पाता और मैं आशा करता हूं इसी तरीके से आप आगे बढ़ते रहो ताकि कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिले।

# पेलावल विकास मंच का सांकेतिक धरना

**पुष्पंजलिटुडे स्टेट हेड-आनन्द शाही**



**हजारीबाग**-आज पेलावल विकास मंच का सांकेतिक धरना पहला व दक्षिणी में अर्धनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित हुआ। पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन के ठीक बगल में लगभग 4 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य केंद्र भवन की बुनियाद जिला परिषद हजारीबाग द्वारा रखी गई थी। यह दो मंजिला भवन का निर्माण अधूरा पड़ा है। इस भवन की स्थिति से संबद्ध मामले को लेकर पेलावल विकास मंच रूकई बार जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार को ट्वीट कर अवगत कराया जा चुका है किंतु प्रभावहीन रहा। उल्लेखनीय है कि इस दो मंजिला भवन की ढलाई तो लगभग 3 वर्ष पूर्व हो चुकी है बाहर मुख्य पथ के किनारे 2 वर्ष पहले बजाब्ते अस्पताल का बोर्ड भी लग चुका है। अंततः ने इस बाबत एसडीओ सदर को लिखित सूचना देकर आज उसी अधूरे भवन परिसर में प्रातः 8:00 से 8:30 बजे तक सांकेतिक धरना दिया और उपस्थित पेलावल वासियों का हस्ताक्षर अभियान चलाया लगभग 200 ग्रामीण धरना स्थल पर उपस्थित हुए और हस्ताक्षर किए। इनमें महिलाएं बच्चे व युवक भी शामिल हुए। दिनांक 9/11/22 को का प्रतिनिधिमंडल द्वारा हस्ताक्षरयुक्त एक सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा जाएगा। डीसी के द्वारा मांग पत्र मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित किया जाएगा हमारी मांग होगी फंड का अभाव बताकर हम ग्रामीणों को चिकित्सा के लाभ से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। अति शीघ्र भवन का निर्माण हो और हम ग्रामीणों को लाभ नसीब हो। धरना की अध्यक्षता के संस्थापक सह संयोजक एम.हक भारती ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित पासवान,आसिफ अली ,तौफीक अख्तर, इंजमामूल हक भारती ,कमल राम ,शिवा राम ,विशाल राम, करण राम अव्वल थे। उपस्थित पेलावल जनप्रतिनिधियों में मंजू नंदनी जिला परिषद सदस्य, मुखिया उतरी मोहम्मद अखलाक, मुखिया दक्षिणी नूरजहां, उत्तरी उप मुखिया मो. अयूब, वार्ड सदस्य रमजान अली, मो.रिजवान व सरफराज अहमद। गणमान्य पेलावल वासियों में मौलाना अनवर, तनवीर अहमद, संदीप कुमार, महेंद्र ठाकुर, मो. जहीम, बसंत राम मोहम्मद कमाल, कुलदीप कुमार, ईमरान फरीदी, उगन ठाकुर,मनीष कुमार,कैलाश राम, बिनोद राम, सरिता देवी,किरण देवी, अनीसा खातून, खैरून निशा,आशा देवी आदि।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 11 को

**ग्वालियर ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारयण शेजवलकर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशीष तिवारी ने बताया कि बैठक में अमृत सरोवर एवं जल जीवन मिशन, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, अमृत योजना, विभिन्न योजनाओं के तहत सड़क निर्माण के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण, रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण प्रस्तावित परियोजना, डबरा में बनने वाले सेंट्रल स्कूल निर्माण कार्य की समीक्षा, आयुष्मान भारत योजना के साथ ही ग्राम पंचायतों को डिजिटाइजेशन करने की प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। सीईओ जिला पंचायत तिवारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग की विस्तृत जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्यतः उपस्थित हों।

# महेंद्र मुणोत ने क्षय रोगियों को पोष्टिक आहार का वितरण किया

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरु।** महानगर पालिका जिला क्षयरोग निर्मूलन केंद्र मैसुरु रोड़ नायंडहळी में भारत सरकार का टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट् वितरण करते हुए महेंद्र मुणोत । मुणोत ने अपने वक्तव्य में रोगियों से स्वच्छता का पालन करने चिकित्सक की सलाह के अनुसार नियमित दवा का उपयोग पौष्टिक आहार के सेवन धूम्रपान एवं मध्य पान से दूरी बनाए रखना । एवं सरकार के आदेशों का श्रद्धा से पालन करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की बात कही ।

# प्रदेश में चल रही है माफियाओं की सरकार : डॉ. गोविंद सिंह

## कार्यकर्ताओं के दम पर बनेगी प्रदेश में कांग्रेस सरकारः मानसिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के चौथे दिन यात्रा का गोहद चौराहा से राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई छीमका, सर्वा,रायतपुरा होते हुए यात्रा मालनपुर पहुंची यहां यात्रा में मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह सम्मिलित हुए उन्होंने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा की अगुवाई की 5 किलोमीटर पैदल चलकर टोल प्लाजा पहुंचकर कांग्रेस ग्वालियर जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा व पूर्व सांसद रामसेवक बाबूजी ने राष्ट्रीय ध्वज संविधान की प्रति सौंपने का कार्य किया,उसके पश्चात टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा इस दौर में प्रदेश में चारों तरफ माफियाओं के द्वारा लूट मची हुई है इस प्रदेश और देश को बचाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा यह देश और प्रदेश भ्रष्टाचार के कारण संकट से जूझ रहा है इसे बचाने के लिए कार्यकर्ता 2023 के लिए कमर कस लें और इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करें पदयात्रा में सहभागी बने सभी कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई किया इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा आपके खून पसीने की मेहनत बेकार नहीं जाएगी,यह यात्रा का उद्देश्य देश का संविधान की रक्षा करना है, जिसके लिए आज रोडों पर निकले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूं इसी क्रम में इस यात्रा के समन्वयक रणजीत सिंह गुर्जर सह समन्वयक संदीप मिश्रा व गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने भी अपने विचार रखे । यात्रा में प्रमुख रूप से मनोज देपुरिया शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, वीरेंद्र यादव, डॉ रणवीर यादव, राजीव कौशिक,अमित दातरे, राहुल भदौरिया, हरिओम भदौरिया, सोनवीर यादव, प्रमोद शुक्ला, शुभम आजाद, शुभम परजीत लोधी, लोकेंद्र यादव,विकास यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीश जरारिया, जितेंद्र गुड्डू नरवरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, किसान कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र भदौरिया, नाथूराम चुरानीया, सुशील पचौरी, चंद्रभान सिंह राजावत रामा सिंह कुशवाह, चंद्रेश नरवरिया, राहुल कुशवाह, राजवीर खन्ना, वीरेंद्र त्यागी, सुरेंद्र सिंह चौहान सरपंच, संजीव करैया, अमित कुशवाह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# वार्ड 3 में नहीं है बिजली और पानी क्षेत्रवासी हो रहे परेशान

**(रहीश भैया)**



नगर परिषद मोहना में वार्ड क्रमांक 3 में 3 दिन से लाइट और पानी नहीं आने से क्षेत्रवासी परेशान हो रहे हैं हां पर यहां पर 3 दिन से बिजली की सप्लाई बंद है और आती भी है तो इतनी लो वोल्टेज से आती है कि लोगों के उपकरण रुक जाते हैं लाइट नहीं आने से लोगों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है लोगों को प्राइवेट कैंपर या फिर कुछ समाजसेवियों की ओर से भेजे जाने वाले पानी से अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है इस संबंध में हमारे संवाददाता ने जे ई विवेक मौर्य को फोन लगाया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया

**क्या बोले लोग-** 3 दिन से बिजली और पानी नहीं मिलने से क्षेत्रवासी परेशान है इसके संबंध में अधिकारियों समेत नेताओं से भी बात कर ली है लेकिन आज दिनांक तक समाधान नहीं हो रहा है परमानंद मिश्रा वार्ड वासी

लाइट और बिजली ना होने से बच्चों और बुजुर्गों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं है

**पाती नामदेव घड़ी वाला**

आज हमने अधिकारियों से बात की लेकिन कोई सुनवाई नहीं है और आज विद्युत के कर्मचारी आए थे देख कर चले गए लेकिन कोई उचित निराकरण नहीं कर के गए हैं

**पूजा विनोद धाकड़ पार्षद वार्ड क्रमांक 3**

## सम्पादकीय

### सोशल मीडिया की फीस

*ट्विटर पर आधिकारिक मालिकाना अधिकार हासिल करने के बाद एलन मस्क अपने कदमों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। प्रबंधन के शीर्ष क्रम को फारिग करने और भारी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब उन्होंने इस सोशल मीडिया मंच के 'यूजर्स' को सत्यापित पहचान देने वाले 'ब्लू टिक' के एवज में उनसे प्रतिमाह आठ डॉलर वसूलने का एलान किया है। जाहिर है, इस पर दुनिया भर में बहस छिड़ी हो गई है, लेकिन मस्क ने भी साफ कर दिया है कि चाहे उनकी जितनी आलोचना की जाए, वह अपना यह कदम वापस नहीं लेने वाले। सोशल मीडिया का कारोबार मूलतः विज्ञापनों पर टिका है और इनसे होने वाली कमाई कितनी बड़ी है, इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ट्विटर ने विज्ञापनों से करीब 4.5 अरब डॉलर की कमाई की, जो उसकी कुल आय का 89 प्रतिशत था। यह एक लोकप्रिय मंच है और दुनिया भर में इसके करीब 45 करोड़ यूजर्स हैं, जिनमें सर्वाधिक अमेरिकी हैं। अमेरिका में तो ट्विटर इतना प्रभावशाली माध्यम बन चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तमाम बड़े नीतिगत फैसलों का एलान इस पर ही किया करते थे। अब तो दुनिया भर के तमाम शासनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल प्रामाणिक मीडिया के रूप में करने लगे हैं। जाहिर है, एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर लगाकर यदि ट्विटर को खरीदा है, तो वह इससे मुनाफा बटोरने की भी कोशिश करेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ अन्य रास्ते तलाशने चाहिए थे, क्योंकि खुद उन्होंने इसे मुक्त अभिव्यक्ति का प्रामाणिक मंच बनाने की बात कही थी। अब सत्यापन पर शुल्क आयद करके वह चिड़िया को आजाद नहीं कर रहे, बल्कि उसे पूंजी वालों की कैद में दे रहे हैं। दुनिया के तमाम खित्तों से समय-समय पर यह आरोप लगते रहे हैं कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंच अलग-अलग देशों में सरकार व सत्ताधारियों के दबाव में न केवल विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी गैर-वाजिब हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे में, ब्लू टिक के बदले शुल्क वसूलने से ट्विटर पर गैर-बराबरी बढ़ेगी, जो सोशल मीडिया की मूल विशेषता के विपरीत है। फिर क्या गारंटी कि बड़े लोगों या संगठनों के नाम पर सत्यापित अकाउंट बनाकर मासूम लोगों को ठगना आसान नहीं हो जाएगा। खुद एलन मस्क के अकाउंट के क्लोन की घटना इसकी एक बानगी है। निस्संदेह, सोशल मीडिया के जरिये अनेक यूजर्स, खासकर यू-ट्यूब व इंस्टाग्राम से सेलिब्रिटी यूजर्स अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, पर उसकी कीमत आम यूजर्स को क्यों चुकानी चाहिए। ट्विटर ब्लू टिक के बदले जितना शुल्क मासिक रूप से बटोरना चाहता है, भारत की एक विशाल आबादी के पास तो अपने बच्चों की स्कूल फीस के लिए भी उतने पैसे नहीं होते। यह ठीक है कि विभिन्न देशों में अलग-अलग फीस रखने की बात कही जा रही है, तब भी उसके औचित्य पर सवाल उठेंगे। सोशल मीडिया के मंचों द्वारा फीस वसूलने की सूरत में यह अपेक्षा भी की जाएगी कि उनकी जवाबदेही के सख्त मापदंड बनें। सोशल मीडिया से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां पश्चिमी देशों से संचालित होती हैं और उनका रवैया अमेरिका-यूरोप में कुछ और होता है व विकासशील देशों की शिकायतों के प्रति कुछ और। ऐसे में, भारत जैसे विशाल यूजर्स आबादी वाले देश के ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए सरकार को आगे आना चाहिए।*


# सुरसा के मुंह सी नफरत

**अक्सर यह प्रवाद फैलाने की कोशिश की जाती है कि यह काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लोग सबसे ज्यादा करते हैं। यह गलत है। भरोसा न हो, तो पिछली 5 अक्तूबर को दिल्ली के आंबेडकर भवन में आयोजित धर्मांतरण कार्य म में राजेंद्र पाल गौतम का बयान देख-सुन लीजिए। उन्होंने उपस्थित समूह के साथ हिंदू देवी-देवताओं की पूजा न करने और राम-कृष्ण को ईश्वर का अवतार न मानने की शपथ ली। उस दिन तक राजेंद्र पाल गौतम दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री का ओहदा संभाल रहे थे। बात बिगड़ती देख उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बताने की जरूरत नहीं कि मंत्री की कुरसी पर विराजने से पहले भी ईश्वर या संविधान की शपथ लेनी होती है। क्या यही है हमारे राजनेताओं की सत्य निष्ठाड़ इन दोनों मामलों को तूल पकड़ता देख दिल्ली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई किस मुकाम तक पहुंचेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को राष्ट्रीय महिला आयोग ने तलब किया है। वह एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्द इस्तेमाल कर रहे थे। महिला आयोग इसे महिलाओं का भी अपमान मानता है। आप के कार्यकर्ता इस नोटिस के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। जोधपुर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विशाल जन-समूह में शामिल लोगों ने 'सिर तन से जुदा' करने के धमकी भरे नारों का उद्घोष किया। पुलिस ने इस सिलसिले में अब तक पंद्रह लोगों को गिरफ्तार किया है। नूपुर शर्मा प्रकरण के बाद से यह नारा अल्पसंख्यकों के दिलो-दिमाग में ठूंसने की नापाक कोशिशों का नतीजा उदयपुर और अमरावती जैसे लोमहर्षक कांड हैं। दर्जनों लोगों को इस अंजाम तक पहुंचाने की धमकी देने का सिलसिला जारी है। क्या अगस्त 1947 जैसी जज्बाती हिंसा हमारी नियति है। इसे रोकना होगा, पर यह रुके कैसेड़ अदालतें पुलिस की पुख्ता जांच पर निर्भर करती हैं, मगर जांच प्रक्रिया का हाल क्या है। इस तरह के मामलों में पुलिस अक्सर अपराधी को उसके किए की सजा नहीं दिलवा पाती। 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2016 में समूचे देश से घृणा-अपराध के 973 मुकदमे दर्ज किए गए थे।**

'मैं मौजूदा डेमोक्रेटिक पार्टी में अब और नहीं रह सकती। यह पूरी तरह से ऐसे पूर्वाग्रह ग्रसित अभिजात समूह के नियंत्रण में है, जो अनावश्यक तौर पर युद्ध की हिमायत करता है। यह समूह हरेक मुद्दे पर हमें नस्लीय रूप से बांटता है, श्वेत-विरोधी नस्लवाद को बढ़ावा देता है और हमारे संविधान में अंतर्निहित हमारी नैसर्गिक आजादी को कमतर करता है।' यह वीडियो-बयान खुद को अमेरिका की 'अकेली हिंदू महिला सांसद' बताने वाली तुलसी गाबार्ड का है। यह वही तुलसी हैं, जिन्हें 2020 में बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार पेश किया जा रहा था। बाद में उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के पक्ष में अपने कदम पीछे हटा लिए थे। वह खुद को भारतीयता का दूत बताती हैं और गीता में सघन आस्था का दावा करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2014 की अमेरिका-यात्रा के दौरान तुलसी ने उन्हें भग्वद्गीता की एक प्रति भी भेंट की थी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में उनके नजरिये पर उन्हें 'क्रेमलिन का पिट्ठू' करार दिया जा रहा था। आप चाहें, तो उनके फैसले को 'अंतरात्मा की आवाज' की उपज मान सकते हैं। इस धरती के राजनीतिज्ञों में यह अजीब समानता हमेशा पाई जाती है कि उनकी 'अंतरात्मा की आवाज' अवसरों के अनुरूप बदलती रहती है। मायावती को याद कीजिए। उनकी पार्टी कभी नारे लगाती थी- तिलक, तराजू और तलवार...। इससे जब सत्ता नहीं मिली, तो उन्होंने नारा ही बदलकर कहना शुरू किया- हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है। इसके जरिये उन्होंने पूर्ण बहुमत हासिल किया। हालांकि, वह इस पर भी कायम नहीं रहीं। यह पुरानी बात हो गई, आज के हालात पर लौटते हैं। समदर्शी और समावेशी समझा जाने वाला हिन्दुस्तान नफरती बोलों से एक बार फिर बजबजा रहा है। आपसी बातचीत की मर्यादा तो कब की खत्म हो चुकी थी, अब हमारे सियासतदां और उनके पक्षधर बुद्धिजीवी अतीत की अंधेरी तहों से आधा-अधूरा सच खुरचने पर आमादा हैं। धर्म, विज्ञान, समाज और रोजमर्रा के रीति-रिवाज इनके कुतर्कों का निवाला बन गए हैं। हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि गुजरी 21 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और ऋषिकेश राय की पीठ ने हर शाम होने वाली टीवी बहसों को 'हेट स्पीच' फैलाने का सबसे बड़ा जरिया बताते हुए इन्हें 'रेगुलेट' करने के लिए दिशा-निर्देश तय करने की बात कही थी। मौजूदा प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित ने भी पिछले हफ्ते नफरती बोलों पर अंकुश लगाने की सलाह दी, पर सुने कौन! जो लोग आम आदमी के विकास की बात करते हुए सत्ता-सदनों की सीढ़ियां चढ़ते हैं, वे खुद कभी वर्जित माने जाने वाले विषयों पर संसद से सड़क तक फुफकारते नजर आते हैं। यह मंजर पिछले दिनों अपनी पूरी भयावहता के साथ विश्व हिंदू परिषद की दिल्ली में आयोजित एक सभा में पुनः उभरकर सामने आया। राजधानी में मनीष नाम के युवक की हत्या के बाद विश्व हिंदू परिषद ने एक सभा बुलाई थी। इस सभा में दो धर्माचार्यों ने बहुसंख्यकों का आह्वान किया कि वे अल्पसंख्यकों के एक वर्ग के खिलाफ हिंसा के लिए तैयार और तत्पर रहें। वहां भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद भी मौजूद थे। उन्होंने सरेआम उस वर्ग के संपूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया। संविधान की शपथ लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में दाखिल होने वाला शख्स भला ऐसा कैसे कह सकता है। अक्सर यह प्रवाद फैलाने की कोशिश की जाती है कि यह काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लोग सबसे ज्यादा करते हैं। यह गलत है। भरोसा न हो, तो पिछली 5 अक्तूबर को दिल्ली के आंबेडकर भवन में आयोजित धर्मांतरण कार्यक्रम में राजेंद्र पाल गौतम का बयान देख-सुन लीजिए। उन्होंने उपस्थित समूह के साथ हिंदू देवी-देवताओं की पूजा न करने और राम-कृष्ण को ईश्वर का अवतार न मानने की शपथ ली। उस दिन तक राजेंद्र पाल गौतम दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री का ओहदा संभाल रहे थे। बात बिगड़ती देख उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बताने की जरूरत नहीं कि मंत्री की कुरसी पर विराजने से पहले भी ईश्वर या संविधान की शपथ लेनी होती है। क्या यही है हमारे राजनेताओं की सत्य निष्ठाड़ इन दोनों मामलों को तूल पकड़ता देख दिल्ली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई किस मुकाम तक पहुंचेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को राष्ट्रीय महिला आयोग ने तलब किया है। वह एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्द इस्तेमाल कर रहे थे। महिला आयोग इसे महिलाओं का भी अपमान मानता है। आप के कार्यकर्ता इस नोटिस के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। जोधपुर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विशाल जन-समूह में शामिल लोगों ने 'सिर तन से जुदा' करने के धमकी भरे नारों का उद्घोष किया। पुलिस ने इस सिलसिले में अब तक पंद्रह लोगों को गिरफ्तार किया है। नूपुर शर्मा प्रकरण के बाद से यह नारा अल्पसंख्यकों के दिलो-दिमाग में ठूंसने की नापाक कोशिशों का नतीजा उदयपुर और अमरावती जैसे लोमहर्षक कांड हैं। दर्जनों लोगों को इस अंजाम तक पहुंचाने की धमकी देने का सिलसिला जारी है। क्या अगस्त 1947 जैसी जज्बाती हिंसा हमारी नियति है। इसे रोकना होगा, पर यह रुके कैसेड़ अदालतें पुलिस की पुख्ता जांच पर निर्भर करती हैं, मगर जांच प्रक्रिया का हाल क्या है। इस तरह के मामलों में पुलिस अक्सर अपराधी को उसके किए की सजा नहीं दिलवा पाती। 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2016 में समूचे देश से घृणा-अपराध के 973 मुकदमे दर्ज किए गए थे। अगले चार सालों में इनकी संख्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ी। वर्ष 2020 में 3,026 मामले दर्ज किए गए, पर क्या उसी अनुपात में अपराधियों को सजा भी मिलीड़ यकीनन नहीं। अभिलेख गवाह हैं कि इनमें से कुल 20 प्रतिशत मामलों में ही लोगों को सजा पाने के लिए दोषी साबित किया जा सका। क्या इसकी सबसे बड़ी वजह यह नहीं कि घृणा अपराध के जिम्मेदार आमतौर पर सत्ता और शक्तिशाली समूहों से जुड़े होते हैं। यहां एक और तथ्य पर गौर करना होगा। घृणा के सौदागर समाज या सियासत में ही नहीं, बल्कि मनोरंजन की तटस्थ दुनिया में भी दखल देने की अवांछित कोशिश कर रहे हैं। आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का चौंकाने वाला विरोध किया गया। इसी तरह, रणवीर कपूर और उनकी गर्भवती पत्नी आलिया भट्ट कपूर को उज्जैन में महाकाल के दर्शन नहीं करने दिए गए, पर इससे नुकसान क्या हुआड़ रणवीर की फिल्म सुपर हिट साबित हुई और आमिर खान भी घाटे में नहीं रहे। मतलब साफ है, घृणा अभी भी भारतीय मानस की मुख्य संचालक नहीं बनी है। मुझे यकीन है, आगे भी ऐसा नहीं होगा, पर इससे इकबारगी जूझना जरूरी है।

# अपना बोया बबूल ही काटने को मजबूर यूरोपीय नेता


यूरोप एक बगीचा है और दुनिया का बाकी ज्यादातर हिस्सा जंगल है। जंगल कभी बगीचे पर हमला कर सकता है। यूरोप एक बगीचा है और दुनिया का बाकी ज्यादातर हिस्सा जंगल है। जंगल कभी बगीचे पर हमला कर सकता है।



कुछ दिनों पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने युवा यूरोपीय राजनयिकों की एक बैठक में इस भावना का इजहार किया। उन्होंने अपने श्रोताओं को जंगल जाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'आपका कर्तव्य सिर्फ बगीचे की देखभाल करना नहीं, बल्कि बाहर के जंगल की देखभाल करना होगा।'बोरेल के शब्दों से गलत भावना के संकेत मिल रहे थे, उन्हें माफी मांगनी पड़ी, लेकिन क्या उन्होंने जो कहा, उससे हमें आश्चर्य होना चाहिएड़ बोरेल ने जो कुछ भी कहा है, वह बहुत साफ है। यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर जो लोग ध्यान दे रहे हैं, वो अच्छे से समझ रहे होंगे। दरअसल, बोरेल की इच्छा यह बताने की है कि पश्चिम और उसके नेताओं ने दुनिया में वास्तव में नस्लवाद और उपनिवेशवाद को कभी बढ़ावा नहीं दिया है। युद्ध के शुरुआती दिनों में प्रमुख ब्रिटिश और अमेरिकी समाचार चैनलों के संवाददाताओं ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि नीली आंखों और सुनहरे बालों वाले लोग, जो अपेक्षाकृत सभ्य माने जाते हैं, एक ऐसे देश में मारे जा रहे हैं, जो इराक या अफगानिस्तान नहीं है। दूसरी ओर, याद कीजिए, भारत जब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के मुताबिक नहीं चल रहा था, तब एक अमेरिकी नौकरशाह सार्वजनिक रूप से परिणाम की चेतावनी देने के लिए नई दिल्ली पहुंच गया था। दरअसल, बोरेल यह सुझाव देना चाहते हैं कि यूरोप नैतिक रूप से दुनिया के बाकी हिस्सों से बेहतर है, इसलिए सभी को उसके नेतृत्व को मानना चाहिए। यूरोप राजनीतिक स्वतंत्रता, आर्थिक समृद्धि व सामाजिक सामंजस्य का सर्वोत्तम संयोजन है। हालांकि, यह भी माना जाता है कि होमो सेपियन्स के यूरोपीय ताज की महिमा इतिहास में बेजोड़ है, जो सदियों तक लूट-पाट और नरसंहार के जरिये हासिल की गई है। सितंबर में ही यूरोपीय संघ ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए तंजानिया-युगांडा तेल पाइपलाइन परियोजना को समाप्त करने की अपील की है। दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से पीछे हटने को कहा। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने यूरोपीय संघ को असहिष्णु, उथला, अहंकारी तक कहा। ऊर्जा संकट झेल रहे यूरोप को कुछ सप्ताह पहले ही बड़ा झटका लगा है, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने तेल उत्पादन में कटौती कर दी है। सवाल है, यूरोपीय बगीचे का असली मालिक कौन हैड़ अपने भाषण में बोरेल ने कहा कि यूरोपीय संघ अब अमेरिका का आंख बंद करके अनुसरण नहीं कर रहा है। हालांकि, जब से युद्ध शुरू हुआ है, ऐसा लगता है कि यूरोप वाशिंगटन से ही सारे संकेत ले रहा है, साथ ही अमेरिका की तुलना में युद्ध की ज्यादा कीमत चुका रहा है। यूरोपीय संघ के देश अमेरिका व चीन से उच्च दरों पर गैस खरीद रहे हैं, जो उन्हें रूसी गैस का ही अच्छे लाभ पर पुनर्विक्रय कर रहे हैं। अभी तक युद्ध में रूस व यूरोप, दोनों हारे हुए हैं, लेकिन कोई तो जीता होगा। इस युद्ध को यकीनन जंगल में जाने वाले बागवानों ने अपरिहार्य बना दिया था। मॉस्को के विरोध के बावजूद अमेरिकी नेतृत्व ने नाटो के सैन्य ठिकानों को रूस के करीब ले जाना जारी रखा। इस बात के अकाट्य प्रमाण हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन में 2014 की 'ऑरेंज रिवॉल्यूशन' का वित्त पोषण किया था, तब मास्को समर्थित और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए राष्ट्रपति को देश से भागना पड़ा था। तत्कालीन उप-राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिका की यूक्रेन नीति के प्रभारी थे। शासन में उस बदलाव के तुरंत बाद उनके बेटे हंटर बाइडन 50,000 डॉलर के मासिक वेतन पर एक यूक्रेनी ऊर्जा फर्म, बरिस्मा के बोर्ड में शामिल हो गए थे। रूस के व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा करके 'ऑरेंज क्रांति' का जवाब दिया था। यूक्रेन युद्ध के कारण आज यूरोप गहरी मंदी की ओर बढ़ रहा है। बगीचे पर हमले हो रहे हैं, लेकिन नुकसान के लिए काफी हद तक बागवान खुद जिम्मेदार हैं। यूरोप गिरावट की ओर जा रहा है और गिरावट तब तक नहीं रुकेगी, जब तक इसके नेताओं को यह एहसास नहीं हो जाता कि उनके साम्राज्य की उम्र बहुत हो गई है और उनकी श्रेष्ठता, वैश्विक प्रभाव की धारणा एक भ्रम है।

# डिजिटल रुपये के आगाज से आसान होगा वित्तीय जीवन

भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 नवंबर, 2022 को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देश में शुरू कर दिया, पर फिलहाल इसका इस्तेमाल सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार में किया जा रहा है। जल्द ही, केंद्रीय बैंक इसके जरिये खुदरा क्षेत्र में भी कारोबार को मुमकिन बना देगा। यह हमारे और देश के लिए गर्व व उपलब्धि का क्षण है, क्योंकि एक तय समय-सीमा के अंदर देश में आंशिक रूप से इस संकल्पना को लागू कर दिया गया, जबकि अब भी दुनिया के अनेक केंद्रीय बैंक सीबीडीसी को अपने देश में अमलीजामा पहनाने में सफल नहीं हुए हैं। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल रुपया की संकल्पना को जमीन पर उतारने की घोषणा की थी और वह कामयाब भी रही। रिजर्व बैंक ने सीबीडीसी के पायलट परीक्षण के लिए 10 बैंकों का चुनाव किया है। सीबीडीसी को बैंक जारी करेंगे। किसी कॉरपोरेट या सरकारी एजेंसी को किसी खास व्यक्ति को सीबीडीसी देना है, तो उसे सरकारी या निजी बैंक से संपर्क करना होगा। चूंकि सीबीडीसी की भुगतान प्रक्रिया का स्वरूप इलेक्ट्रॉनिक है, इसलिए कागजी मुद्रा के रखरखाव की तरह इसकी लागत बहुत ज्यादा नहीं होगी। सीबीडीसी क्रिप्टोकरेंसी से अलग है। क्रिप्टो का लेन-देन निजी तौर पर किया जाता है और इसे नियंत्रण करने वाली कोई एजेंसी दुनिया में नहीं है, जबकि सीबीडीसी का नियंत्रण रिजर्व बैंक करेगा। नियामक की निगरानी में होने की वजह से आतंकवादी गतिविधियों, मनी लॉड्रिंग, धोखाधड़ी की आशंका सीबीडीसी के जरिये लेन-देन में कम रहेगी। वहीं, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल गलत कार्यों के लिए ज्यादा किया जाता है। सीबीडीसी के लिए किसी बैंक में खाता खोलने की जरूरत नहीं होगी। मोबाइल के जरिये सेकंडों में पैसों का लेन-देन किया जा सकेगा, जिसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में देखा भी जा सकेगा। हालांकि, सीबीडीसी में पेपर करेंसी के सारे फीचर होंगे और लोग इसे पेपर करेंसी से बदल भी सकेंगे। एक प्रकार से इसे डिजिटल नकदी कह सकते हैं। सीबीडीसी ब्लॉक चेन तकनीक पर काम करेगा और पेपर करेंसी की तरह यह कानूनी रूप से वैध होगा। इस प्रणाली में बिचौलिया की कोई भूमिका नहीं होगी, क्योंकि सीबीडीसी भुगतान करने वाले और भुगतान लेने वाले को सीधे तौर पर जोड़ेगी। सीबीडीसी के जरिये सरकारी योजनाओं से जुड़े विभाग या संस्थान बिना किसी व्यक्ति के संपर्क में आए सीधे लाभार्थियों को लाभ पहुंचा सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान किया जाए, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आएगी। हालांकि, यह साफ नहीं है कि वैसे लाभार्थियों के संदर्भ में सरकार या निजी संस्थान या कॉरपोरेट क्या करेंगे, जिनके पास मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप, टैब आदि नहीं हैं। वित्तीय रूप से साक्षर लोग ही सीबीडीसी का उपयोग करने में समर्थ होंगे। सीबीडीसी प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में बैंकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी, पर बैंक पहले से ही कई सामाजिक योजनाओं को पूरा करने में भूमिका निभा रहे हैं। इस नई प्रणाली के आने से बैंकों पर और अधिक कार्यभार बढ़ेगा, लेकिन बैंक के कर्मचारियों की संख्या में फिलहाल इजाफा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जिससे बैंकों को इस नई प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सीबीडीसी एक ऐसी भुगतान प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल पेपर करेंसी के विकल्प के तौर पर भविष्य में किया जा सकता है, लेकिन भारत में वित्तीय साक्षरता की स्थिति अब भी दयनीय है। दूसरी तरफ, भले ही भारत डिजिटलीकरण और डिजिटल लेन-देन के मामले में विश्व में एक प्रमुख देश बनकर उभरा है, लेकिन डिजिटलीकरण के साथ-साथ देश में डिजिटल या ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं भी बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि सीबीडीसी या अन्य डिजिटल सुविधाओं को लागू करने के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता के अभियान को मुहिम की तरह पूरे देश में 365 दिन चलाया जाए।




# राज्यपाल से टकराव का सिलसिला

दक्षिण के दो राज्यों (तमिलनाडु और केरल) की सरकारें अपने-अपने राज्यपालों से दो-दो हाथ कर रही हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने राज्यपाल आर एन रवि को हटाने के लिए एक याचिका तक दायर कर दी है, जबकि केरल में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सत्ताधारी माकपा आरएसएस व भाजपा की कठपुतली बता रही है। यहां तो लगभग सभी दलों का मानना है कि राज्यपाल असांविधानिक तरीके से काम कर रहे हैं। निर्वाचित राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों (राज्यपाल) के बीच टकराव दशकों पुराना मसला है। पारंपरिक रूप से राज्यपाल तब सुर्खियों में आते थे, जब राज्यों में सरकार के गठन में अड़चन आती थी, खासतौर से तब, जब खंडित जनादेश आता था। अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग को लेकर भी राज्यपालों की भूमिका पर सवाल उठते थे, जिसके तहत वे चुनी गई राज्य सरकार को बर्खास्त कर सकते थे और केंद्रीय शासन लगा सकते थे। हालांकि, यह स्थिति 1994 में एस आर बोम्मई बनाम भारत संघ के फैसले के बाद बदल गई। अब राज्य सरकारों को कोई केंद्र सरकार अपनी मर्जी से बर्खास्त नहीं कर सकती। मगर अब केंद्र और राज्यों के संबंधों ने एक अलग मोड़ ले लिया है।

दरअसल, उन राज्यों में, जहां केंद्र का विरोध करने वाली पार्टियों की सरकार है, एक दिन भी ऐसा नहीं बीतता, जब राज्य सरकार पर राज्यपाल निशाना न साधते हों, और जवाब में मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिमंडल के साथी मैदान में न उतर आते हों। केरल में तो कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल व राज्य सरकार के बीच टकराव इस कदर बढ़ गया है कि इसका असर अब विश्वविद्यालयों के दैनिक कामकाज पर दिखने लगा है। शिक्षाविदों को डर है कि यदि यह तनातनी यूं ही जारी रही, तो विश्वविद्यालयों की बेहतर पठन-पाठन संबंधी रैंकिंग प्रभावित हो जाएगी।

केरल और तमिलनाडु की सरकारों को जो बातें परेशान कर रही हैं, वे हैं राज्यपालों के बयान। राज्यपालों के शब्दों से भी जान पड़ता है कि उनका मकसद या तो केंद्र सरकार को खुश करना है या भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाना। तमिलनाडु में विवाद तब गहरा गया, जब राज्यपाल आर एन रवि ने कहा कि हर देश का एक धर्म होता है और भारत इसका अपवाद नहीं है। द्रमुक ने इस बयान को संविधान की भावना के खिलाफ माना। राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया, क्योंकि उन्होंने सनातन धर्म या समावेशी हिंदू धर्म की सराहना की थी। वरिष्ठ द्रमुक नेताओं ने यह कहकर हमला बोला कि सांविधानिक प्रमुख के रूप में कार्यरत राज्यपाल को धार्मिक मुद्दों पर अपनी राय नहीं जाहिर करनी चाहिए, भले यह उनका नितांत निजी मामला हो सकता है। राज्यपाल रवि उस वक्त भी आलोचना के घेरे में आ गए, जब उन्होंने तमिल शास्त्रीय ग्रंथ तिरुक्कुलर के 'आध्यात्मिक पहलुओं' को 'निहित स्वार्थों' द्वारा जान-बूझकर कमतर किए जाने का आरोप लगाया, जिसे द्रमुक ने खुद पर हमला माना। उधर, केरल में साल की शुरुआत से ही राज्यपाल के साथ राज्य सरकार की तनातनी शुरू हो गई थी। उस वक्त उन्होंने कृषि विधेयक पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने में देरी की थी, जिसे बाद में केंद्र ने वापस भी ले लिया।

**तमिलनाडु में विवाद तब गहरा गया, जब राज्यपाल आर एन रवि ने कहा कि हर देश का एक धर्म होता है और भारत इसका अपवाद नहीं है। द्रमुक ने इस बयान को संविधान की भावना के खिलाफ माना। राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया, क्योंकि उन्होंने सनातन धर्म या समावेशी हिंदू धर्म की सराहना की थी। वरिष्ठ द्रमुक नेताओं ने यह कहकर हमला बोला कि सांविधानिक प्रमुख के रूप में कार्यरत राज्यपाल को धार्मिक मुद्दों पर अपनी राय नहीं जाहिर करनी चाहिए, भले यह उनका नितांत निजी मामला हो सकता है। राज्यपाल रवि उस वक्त भी आलोचना के घेरे में आ गए, जब उन्होंने तमिल शास्त्रीय ग्रंथ तिरुक्कुलर के 'आध्यात्मिक पहलुओं' को 'निहित स्वार्थों' द्वारा जान-बूझकर कमतर किए जाने का आरोप लगाया, जिसे द्रमुक ने खुद पर हमला माना। उधर, केरल में साल की शुरुआत से ही राज्यपाल के साथ राज्य सरकार की तनातनी शुरू हो गई थी। उस वक्त उन्होंने कृषि विधेयक पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने में देरी की थी, जिसे बाद में केंद्र ने वापस भी ले लिया।**

हालांकि, राज्यपाल कार्यालय से हमले जारी रहे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने तो एक शिक्षाविद को 'गुंडा' तक कह डाला और राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह एक कार्यक्रम में उनकी सुरक्षा करने में विफल रही। अभी कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर दोनों में तनाव है। एक तकनीकी विश्वविद्यालय की कुलपति (महिला) की नियुक्ति को रद्द करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर राज्यपाल खान ने नौ अन्य कुलपतियों से भी इस्तीफे मांग लिए। उनके मुताबिक, इनकी नियुक्तियों में भी नियमों से खिलवाड़ किया गया। संभावित कुलपति के नामों की सूची केरल विश्वविद्यालय की सीनेट भेजती है, जिनमें से राज्यपाल को चयन करना होता है। मगर उनको केवल एक नाम भेजा गया था, जिसका उन्होंने विरोध किया था। विश्वविद्यालयों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में तो राज्य सरकार ने राज्यपाल की भूमिका को खारिज करते हुए कुलपतियों को खुद नियुक्त करने का फैसला किया है। केरल में तब राज्यपाल ने अपनी सीमा का स्पष्ट उल्लंघन किया, जब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया कि वह उनके वित्त मंत्री के पद पर बने रहने से 'खुश नहीं हैं'। इसका अर्थ था कि वह उन्हें बर्खास्त करना चाहते हैं। इसने सियासी दलों को नाराज और एकजुट किया। कई संविधान विशेषज्ञों ने इस मसले में राज्यपाल की मुखालफत की है। उनके मुताबिक, संविधान के अनुसार, उन्हें मंत्रिमंडल की सलाह पर काम करना चाहिए। किसी मंत्री को नियुक्त अथवा बर्खास्त करने का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री के पास है और इसमें राज्यपाल की कोई भूमिका नहीं होती है। इससे पहले एक समारोह में वित्त मंत्री ने कहा था कि कुछ लोग उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की कार्य-संस्कृति के आदी हैं, जो उन लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं समझ सकते, जिनमें केरल के विश्वविद्यालय काम करते हैं। राज्यपाल ने उनके इस बयान को भारत की एकता व अखंडता के खिलाफ माना था। देखा जाए, तो राज्यपाल को इस कदर आक्रामक होने की संभवतः जरूरत नहीं थी, क्योंकि इस तरह के राजनीतिक बयान परिस्थिति के अनुकूल दिए जाते रहे हैं। बहरहाल, इन घटनाक्रमों के बाद भाकपा और माकपा ने राज्यपाल पद खत्म करने की अपनी पुरानी मांग को लेकर फिर से आवाज बुलंद की है। केंद्र व राज्य के संबंधों का अध्ययन करने वाले कई आयोगों ने भी इस बाबत गंभीर सिफारिशें की हैं, और राज्यपाल कार्यालय में सुधार के सुझाव दिए हैं। मगर केंद्र उनकी अनदेखी करता रहा है, फिर चाहे सरकार किसी पार्टी की क्यों न हो। पुंछी आयोग का कहना है कि राज्य विधानमंडल के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह राज्यपाल के खिलाफ महाभियोग चला सके। राज्यपालों की नियुक्ति प्रक्रिया में मुख्यमंत्रियों को शामिल करने की सिफारिश तो कमोबेश सभी आयोगों ने की है। सरकारिया आयोग का मानना है कि जहां तक संभव हो, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को ही राज्यपाल के पद पर नियुक्त करना चाहिए। यह आयोग किसी सक्रिय राजनेता की नियुक्ति के सख्त खिलाफ है।

# ऋतिक रोशन की कजिन पर आया कार्तिक आर्यन का दिल





बी-टाउन के एक नए कपल की चर्चा गॉसिप के गलियारों में जोरों पर है। बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन आज की तारीख में सबसे पॉपुलर एक्टर्स में से हैं। खासकर लड़कियां उनकी बड़ी फैन हैं। कार्तिक की प्रोफेशन लाइफ तो इस वक्त जबरदस्त चल रही है। अब खबर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर है। कार्तिक का नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ चुका है। सारा अली खान से ब्रेकअप के बाद से वह सिंगल रहे हैं। रिपोर्ट है कि कार्तिक, ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन को डेट कर रहे हैं। पश्मीना म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी हैं जो कि ऋतिक रोशन के चाचा लगते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक और पश्मीना पिछले कुछ दिनों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दिनों वो काफी मुलाकातें कर रहे हैं। वो इसका भी ध्यान रख रहे हैं कि उनकी डेटिंग के बारे में अभी किसी को पता ना चले। दिवाली के दिन कार्तिक अपनी नई मैकलॉरेन गाड़ी से पश्मीना के साथ जुहू ड्राइव पर गए थे। देर रात तक वक्त बिताने के लिए उनकी पसंदीदा जगह जियो वर्ल्ड ड्राइव और नाम का पेस्ट्री आउटलेट है। अंग्रेजी वेबसाइट पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कार्तिक और पश्मीना एक दूसरे के घर पर अक्सर मिलने जाते हैं। उनका रिश्ता केवल दोस्ती का नहीं है बल्कि उससे ज्यादा है। कार्तिक के करीबी सूत्र ने दावा किया कि जब वह काम नहीं कर रहे होते हैं तो वह पश्मीना के घर पर चिल करते हैं। वहीं पश्मीना भी कार्तिक के घर जाकर उनके साथ टाइम बिताती हैं। पपराजी से बचने के लिए वो अपनी कारों को एक दूसरे के घर पहुंचने के बाद वापस भेज देते हैं। ऋतिक रोशन के साथ पश्मीना की काफी अच्छी बॉन्डिंग है। जल्द ही वह बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। वह 'इश्क विश्क' के सीक्वल 'इश्क विश्क रिबाउंड' में नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर उन्हें 58 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। कार्तिक आर्यन भी उनके फॉलोवर्स में से एक हैं। पश्मीना सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं।

# आलिया भट्ट ने बहुत पहले से सोच रखा है बेटी का नाम



कपूर परिवार की बहू, यानि बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने रविवार को एक क्यूट सी बेटी को जन्म दिया। आलिया और रणबीर कपूर की गाड़ी रिलायंस हॉस्पिटल पहुंचने पर फैंस को पता चला कि गुड न्यूज कभी भी आ सकती है। कुछ ही देर बाद एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट करके अपने मां बनने का ऑफिशियल ऐलान कर दिया। अब फैंस आलिया भट्ट की बेटी की पहली तस्वीरें देखने और उसका नाम जानने को बेताब हैं। फिलहाल आलिया भट्ट की बेटी की फोटोज और उसका नाम रिवील नहीं किया गया है लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक्ट्रेस ने एक बार इस बारे में अपने दिल की बात शेयर की थी। बात एक डांस रियलिटी शो की है जिसमें आलिया भट्ट बतौर मेहमान पहुंची थीं। इस डांस शो में आलिया भट्ट ने बेटी होने पर अपने इमोशन्स शेयर किए थे। इसी शो में आलिया भट्ट ने एक छोटी लड़की से उनके नाम की स्पेलिंग बताने को कहा। छोटी लड़की बहुत कनफ्यूज हो गई और उसने आलिया भट्ट के नाम की स्पेलिंग बताई- आलिया भट्ट को यह नाम बहुत प्यारा लगा और उन्होंने कहा- आलमा बहुत ही सुंदर नाम है, मैं अपनी बेटी का नाम आलमा रखूंगी। जाहिर तौर पर यह नाम आलिया भट्ट को बहुत अच्छा लगा था, लेकिन अब जब उन्हें भगवान ने सचमुच एक बेटी दी है तो देखना होगा कि क्या वह उसका नाम आलमा ही रखती हैं या फिर रणबीर कपूर और परिवार के बाकी सदस्यों की सहमति से वह कोई और नाम अपनी बेटी के लिए चुनती हैं। हाल ही में नीतू कपूर ने दादी बनने पर अपने इमोशन्स शेयर करते हुए कहा था कि आलिया एक दम फर्स्ट क्लास है।

# पार्टी में आराध्या-अभिषेक के साथ दिखीं ऐश्वर्या राय




निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में फिल्म की स्टारकास्ट मौजूद रही। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और आराध्या बच्चन को यहां देखा गया। फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ उन्होंने पोज दिए।सक्सेस पार्टी का एक वीडियो सामने आया है। पोन्नियिन सेलवन ने वर्ल्डवाइड 460 करोड़ से ज्यादा की कमाई की और यह 2022 की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने इंस्टाग्राम पर इनसाइड तस्वीरों का कोलाज बनाकर एक वीडियो पोस्ट किया। इस दौरान ऐश्वर्या ने ग्रीन कलर का एथनिक आउटफिट पहना। अभिषेक हूडी और पैंट्स में कैजुलअ लुक में हैं। तृषा की एक तस्वीर अभिषेक के साथ है। अन्य तस्वीरों में वह फिल्म के दूसरे कलाकारों के साथ हैं। तृषा ने कैप्शन में लिखा, यहां की वाइब कैप्शन के लिए काफी है। आगे उन्होंने रेड हार्ट और फायर का इमोजी बनाया। पोस्ट पर एक फैन ने कहा, साउथ इंडस्ट्री की बड़ी फीमेल सुपरस्टार। एक फैन ने कमेंट किया, मेरी तो शाम बना दी। एक अन्य ने लिखा, तृषा मैम आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं। पोन्नियिन सेलवन में विक्रम, कार्ति, तृषा, ऐश्वर्या राय ने मुख्य भूमिका की। फिल्म तमिल में बनी है। इसे तमिल के साथ हिंदी, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया गया। मणिरत्नम की इस फिल्म से ऐश्वर्या राय ने लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है। उन्होंने डबल रोल निभाया है। पोन्नियिन सेलवन का दूसरा पार्ट अगले साल गर्मियों में रिलीज होगा। अभी तक तारीख का ऐलान नहीं किया गया है।

# आलिया भट्ट या रणबीर कपूर, किस पर गई है बेबी गर्ल



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के घर रविवार को किलकारियां गूंज उठीं। आलिया ने बेटी को जन्म दिया है। पूरा परिवार जश्न मना रहा है। आलिया सुबह मुंबई के रिलायंस अस्पताल पहुंची थीं जहां उनकी डिलीवरी हुई। नीतू कपूर के अलावा सोनी राजदान अस्पताल में मौजूद रहीं। शाम को वह अस्पताल से घर लौटीं। उनके घर के बाहर पपराजी थे जिनसे नीतू कपूर ने बातचीत की और बताया कि आलिया की तबीयत कैसी है। नीतू कपूर ने कहा वह बेहद खुश हैं। नीतू कपूर घर के बाहर कार से उतरीं। पपराजी ने उनसे पूछा कि वह दादी बन गई हैं तो इस पर क्या कहेंगी। नीतू ने कहा, 'हमेशा तुम यही पूछते हो मैं क्या बोलना चाहूंगी। मैं बहुत खुश हूं।' उनसे आगे पूछा गया कि बेबी किस पर गई है आलिया या रणबीर। तो वह कहती हैं, 'अभी वह छोटी है ना। पता नहीं अब। क्यूट है।' नीतू कपूर ने बताया कि आलिया की तबीयत एकदम फर्स्ट क्लास है। वह ठीक है। नीतू कपूर जिस तरह पपराजी से बात कर रही थीं फैन्स उनकी तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने कहा कि जया बच्चन को उनसे सीखना चाहिए। एक यूजर लिखते हैं, 'इन्हें देखिए और एक जया बच्चन हैं।' एक यूजर लिखते हैं, 'वह रिपोर्टर्स को इतने प्यार से जवाब दे रही हैं। वह उन्हें जानती हैं और हाल चाल पूछ रही हैं।' एक ने कमेंट किया, 'कोई एटीट्यूड नहीं कोई ओवरएक्टिंग नहीं, नीतू मैम बेस्ट हैं।'

# बीमारी के बावजूद काम में जुटीं सामंथा रुथ प्रभु



सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'यशोदा' रिलीज होने वाली है। इस सिलसिले में उन्होंने फिल्म का प्रमोशन भी शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले ही सामंथा ने जानकारी दी कि वह मायोसाइटिस नाम की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसकी वजह से मासपेशियां कमजोर, थकी हुई और दर्दनाक हो जाती हैं। उन्होंने अस्पताल से तस्वीर भी शेयर की थी। बीमारी के बावजूद सामंथा ने बताया कि वह काम में जुट गई हैं। इसके लिए उन्होंने फिल्ममेकर जोड़ी राज और डीके के राज निदिमोरू से प्रेरणा ली है। सामंथा ने अपनी 3 तस्वीरें भी शेयर की हैं। उन्होंने ब्लैक आउटफिट पहना हुआ है और मैचिंग ग्लासेस लगाए हैं। सामंथा सोफे पर बैठी हैं और कैमरे की देख रही हैं। सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'जैसा कि मेरे अच्छे दोस्त राज कहते हैं, कैसा भी दिन हो और कितनी भी बुरी चीजें हो रही हों, आप शॉवर लो, शेव करो और तैयार हो जाओ। मैंने उनसे ये सीख ली है। यशोदा का प्रमोशन। 11 तारीख को मिलते हैं। इससे पहले सामंथा ने अपनी बीमारी के बारे में लिखा, यशोदा ट्रेलर को लेकर जो आपका रिस्पॉन्स मिला वो दिल जीत लेने वाला है। आपके साथ ही मेरा ये प्यार और कनेक्शन है जिससे मुझे ताकत मिलती है जिससे जिंदगी के रास्ते में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकूं। कुछ महीने पहले मुझे मायोसाइटिस नामक एक ऑटोइम्यून कंडीशन डायग्नोस हुआ है। फिल्म 'यशोदा' में सामंथा ने सरोगेट मां का रोल निभाया है। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के राइटर-डायरेक्टर हरीशंकर और हरीश नारायण हैं। 11 नवंबर को फिल्म तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# वीकेंड पर 'फोन भूत' ने राम सेतु को पछाड़ा

बॉक्स ऑफिस पर शुक्रवार को 3 फिल्मों ने दस्तक दी। कटरीना कैफ की 'फोन भूत', सोनाक्षी सिन्हा-हुमा कुरैशी की 'डबल एक्सएल' और जाह्नवी कपूर स्टारर 'मिली' रिलीज हुई। इनमें से 'फोन भूत' बाकी दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी। बावजूद फिल्म का कलेक्शन निराश करने वाला है। 'फोन भूत' में कटरीना के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर हैं। दर्शकों को सिनेमाघरों तक में खींचने में फिल्म को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। समीक्षकों ने फिल्म को मिले जुले रिएक्शन दिए थे। 'फोन भूत' की असली परीक्षा वीकडेज को होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने ट्वीट कर बताया कि 'फोन भूत' संघर्ष कर रही है। दूसरे और तीसरे दिन फिल्म का बिजनेस बढ़ा है लेकिन तीसरा दिन उस मार्क तक नहीं पहुंच पाई। फिल्म ज्यादातर मेट्रो शहरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। छोटे शहरों में हालत खराब है। शुक्रवार को फिल्म ने 2.05 करोड़, शनिवार को 2.75 करोड़ और रविवार को 3.05 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म ने तीन दिन में कुल 7.85 करोड़ जुटा लिए हैं। फिल्म 'राम सेतु' 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार की यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई। फिल्म 100 करोड़ से काफी दूर है और यह बॉक्स ऑफिस पर धीमी पड़ चुकी है। रविवार को फिल्म ने 2.05 करोड़ जुटाए। इस तरह इसका कुल कलेक्शन लगभग 71 करोड़ हो गया है। रविवार को 'फोन भूत' का कलेक्शन 'राम सेतु' से ज्यादा रहा। जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिली' पहले दिन ही सुस्त रही। 'मिली' ने शुक्रवार को 50 लाख, शनिवार को 62 लाख और रविवार को 64 लाख रुपये का बिजनेस किया। 3 दिन में फिल्म का कुल कलेक्शन 1 करोड़ 76 लाख रुपये रहा।






# शर्लिन चोपड़ा पर केस करने के बाद पुलिस स्टेशन पहुंचीं राखी सावंत

राखी सावंत हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। इन दिनों उनके और शर्लिन चोपड़ा के बीच झगड़ा चल रहा है। दोनों एक दूसरे पर मीडिया में आके निशाना साधती हैं। मामले की शुरुआत तब हुई जब शर्लिन बिग बॉस में साजिद खान के हिस्सा लेने पर भड़क उठीं। वह साजिद पर मीटू के तहत केस करने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंची थीं। दूसरी तरफ राखी सावंत ने साजिद का सपोर्ट किया है और शर्लिन का मजाक उड़ाया। मामला यहां तक बढ़ गया कि राखी ने शर्लिन के खिलाफ केस भी दर्ज कराया। सोमवार को राखी एक बार फिर से पुलिस स्टेशन पहुंचीं। राखी ने ओशिवारा पुलिस स्टेशन के बाहर मौजूद पपराजी से बात की। राखी ने बताया कि शर्लिन चोपड़ा पर बहुत सारी धाराएं लगानी थी। बहुत सारी तकलीफ हो गई है। उसका पुलिस स्टेशन जुहू पड़ता है। वह मेरे पुलिस स्टेशन ओशिवारा में क्या कर रही है। ओशिवारा मेरा पुलिस स्टेशन बनता है। जब पपराजी ने कहा कि वो आमने-सामने बैठकर अपने झगड़े सुलझा लें तो राखी ने कहा, आ जाए वो सामने, मुझे कोई टेंशन नहीं है। यहां साहब (पुलिस अधिकारी) ने कहा मेरे पर तो कोई केस बनता ही नहीं है। इससे पहले शर्लिन ने राखी के बारे में कहा, मेरी लड़ाई उसके साथ कभी नहीं थी। वो जिंदा है, नहीं है, मर रही है, मेरा उससे कोई मतलब नहीं है। ये लड़ाई यौन शोषण के खिलाफ है। यौन शोषण करने वालों के खिलाफ है। क्या कर रही है वो जो लोग यौन शोषण का विरोध कर रहे हैं वो उससे लड़ाई कर रही है। बता दें कि 2018 में मीटू के तहत साजिद खान पर यौन शोषण के आरोप लगे थे। फिल्म इंडस्ट्री और पत्रकार सहित 9 महिलाओं ने उन पर आरोप लगाया था। इनमें शर्लिन चोपड़ा, मंदाना करीमी अहाना कुमरा सहित अन्य एक्ट्रेसेस थीं।

# प्रणामी धर्मावलम्बियों की अनूठी परम्परा जो देती है प्रकृति से प्रेम करने की सीख

**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**

**पन्ना (मध्यप्रदेश)।** समूचे विश्व में भारत इकलौता देश है जहाँ सदियों पूर्व बसुधैव कुटुंबकम की उद्घोषणा की गई थी। यह इस देश की खूबसूरती है कि यहाँ पर विविध धर्मावलम्बियों की धार्मिक आस्थाओं व परम्पराओं को न सिर्फ पूरा सम्मान मिलता है अपितु उन्हें पल्लवित और पुष्पित होने का अवसर व अनुकूल वातावरण भी सहज उपलब्ध होता है। यही वजह है कि हमारे देश में हर धर्म और हर जाति के लोगों की अलग-अलग परंपराएं और मान्यताएं मौजूद हैं। ऐसी ही एक अनूठी परंपरा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पन्ना शहर में लगभग चार सौ सालों से चली आ रही है। प्राचीन भव्य मंदिरों के इस शहर पन्ना में प्रणामी धर्मावलम्बियों की आस्था का केंद्र श्री प्राणनाथ जी का मंदिर स्थित है, जो प्रणामी धर्म का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है। इसी प्रणामी संप्रदाय के अनुयाई और श्रद्धालु शरद पूर्णिमा के ठीक एक माह बाद कार्तिक पूर्णिमा को देश के कोने कोने से यहां पहुंचते हैं। यहाँ किलकिला नदी के किनारे व पहाड़ियों के बीचों बीच बसे समूचे पन्ना नगर के चारों तरफ परिक्रमा लगाकर भगवान श्री कृष्ण के उस स्वरूप को खोजते हैं, जो कि शरद पूर्णिमा की रासलीला में उन्होंने देखा और अनुभव किया है। अंतर्ध्यान हो चुके प्रियतम प्राणनाथ को उनके प्रेमी सुन्दरसाथ भाव विभोर होकर नदी, नालों, पहाड़ों तथा घने जंगल में हर कहीं खोजते हैं। सदियों से चली आ रही इस परम्परा को प्रणामी धर्मावलम्बी पृथ्वी परिक्रमा कहते हैं। मंदिरों की नगरी पन्ना में शुक्रवार 19 नवम्बर को पूरे दिन पृथ्वी परिक्रमा की धूम रही। कोरोना संकट की बंदिशों में ढील मिलने के कारण देश के कोने-कोने से आये हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव और उत्साह के साथ पृथ्वी परिक्रमा में भाग लिया। चापा छत्तीसगढ़ से पन्ना धाम पहुंचीं कमला शर्मा (60 वर्ष) ने बताया कि पृथ्वी परिक्रमा में शामिल होने से जो शांति व सुकून मिलता है, उसे कह पाना कठिन है। वे बताती हैं कि चौथी बार पृथ्वी परिक्रमा में शामिल होने पन्ना आई हैं। यह अनूठी परम्परा हमें प्रकृति से प्रेम करने की सीख देती है। उनके साथ चापा छत्तीसगढ़ से ही कांता अग्रवाल (50 वर्ष) व सीता अग्रवाल (48 वर्ष) पहली बार यहाँ आई हैं। कांता अग्रवाल बताती हैं कि पन्ना पुण्य भूमि है और इस भूमि की परिक्रमा करना सौभाग्य की बात है। नदी, नालों, पहाड़ों और घने जंगलों से होकर पूरे पन्ना धाम की परिक्रमा गाते-बजाते करना सुखद अनुभव है। कार्तिक पूर्णिमा को सुबह 6 बजे से ही सैकड़ों फिट गहरे कौआ सेहा से लेकर किलकिला नदी के प्रवाह क्षेत्र व चौपड़ा मंदिर हर कहीं प्राणनाथ प्यारे के जयकारे गूँज रहे थे। रोमांचित कर देने वाले आस्था एवं श्रद्धा के इस सैलाब से पवित्र नगरी पन्ना का कण-कण प्रेम और आनंद से सराबोर हो उठता है। मालुम हो कि प्रकृति के निकट रहने तथा विश्व कल्याण व साम्प्रदायिक सद्भाव की सीख देने वाली इस अनूठी परम्परा को प्रणामी संप्रदाय के प्रणेता महामति श्री प्राणनाथ जी ने आज से लगभग 398 साल पहले शुरू किया था, जो आज भी अनवरत् जारी है। इस परम्परा का अनुकरण करने वालों का मानना है कि पृथ्वी परिक्रमा से उनको सुखद अनुभूति तथा शान्ति मिलती है। महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर पन्ना के पुजारी देवकरण त्रिपाठी ने बताया कि पवित्र नगरी पन्ना में कार्तिक पूर्णिमा को हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से आये सुंदरसाथ व स्थानीय जनों द्वारा पृथ्वी परिक्रमा में शामिल होकर धर्मलाभ उठाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्तिक शुक्ल की पूर्णमासी पर प्रातः 6 बजे से चारों मंदिरों की परिक्रमा के साथ पृथ्वी परिक्रमा का शुभारम्भ हुआ। प्रणामी संप्रदाय की इस अनूठी परंपरा के बारे में पं. दीपक शर्मा (54 वर्ष) बताते हैं कि श्री प्राणनाथ जी मंदिर से पृथ्वी परिक्रमा की शुरुवात सुबह 6 बजे से हो जाती है जो देर रात्रि तक चलती रहती है। श्री त्रिपाठी बताते हैं कि सर्वप्रथम आये हुये श्रद्धालुओं ने पन्ना नगर में स्थित श्री प्राणनाथ जी मंदिर, गुम्मट जी मंदिर, श्री बंगला जी मंदिर, सद्गुरू धनी देवचन्द्र जी मंदिर, बाईजूराज राधिका मंदिर में पूरी श्रद्धा के साथ सिर नवाया तदुपरांत धूमधाम के साथ यात्रा शुरू की। पूरी परिक्रमा लगभग 30 किमी. की हो जाती है, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। मंदिर ट्रस्ट व नगरवासियों द्वारा परिक्रमा मार्ग पर जगह - जगह चाय, पानी व खाने का इंतजाम रहता है जिसे श्रद्धालु प्रसाद की तरह ग्रहण करते हैं। परिक्रमा में शामिल लोग रास्ते में बच्चों को टाफियां व मिठाई आदि भी बड़े प्रेम भाव से बांटते हैं तथा गरीबों को पैसा व सामग्री भेंट करते हैं। बुद्धवार कार्तिक पूर्णिमा के दिन गाँव कनेक्शन की टीम ने परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के अनुभवों को साझा किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु जिन्हे प्रणामी संप्रदाय में सुन्दरसाथ कहा जाता है वे नाचते गाते, झूमते और तरह - तरह के वाद्य यन्त्र बजाते हुए चल रहे थे। जंगल के रास्ते से होते हुये श्रद्धालुओं की टोलियां प्राकृतिक व रमणीक स्थल चौपड़ा मंदिर जब पहुंचतीं तो यहां पर प्रकृति के साथ संबंध स्थापित करते हुये कुछ देर विश्राम कर प्रसाद आदि ग्रहण करतीं और फिर अपनी अल्प थकान को मिटाकर आगे की यात्रा पर निकल पड़तीं। पं. दीपक शर्मा बताते हैं कि इस साल पृथ्वी परिक्रमा में गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के दमोह, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इन्दौर व उज्जैन आदि जिलों से लगभग 15 हजार सुन्दरसाथ शामिल हुए हैं। सिक्किम व नेपाल से भी अनेकों सुन्दरसाथ पृथ्वी परिक्रमा में भाग लेने पन्ना धाम आये हैं।

**प्रणामी धर्मावलम्बियों के सबसे बड़े तीर्थ पन्ना धाम में पिछले लगभग चार सौ सालों से पृथ्वी परिक्रमा करने की परंपरा चली आ रही है जो आज भी जारी है। शरद पूर्णिमा के ठीक एक माह बाद कार्तिक पूर्णिमा को पृथ्वी परिक्रमा होती है, जिसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं**



**नदी, पहाड़ और गहरे सेहा से गुजरे श्रद्धालु-** नदी, पहाड़ और गहरे सेहा से श्रद्धालु जब जयकारे लगाते हुए गुजर रहे थे, तब यह नजारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। कौआ सेहा की गहराई, चारो तरफ फैली हरीतिमा तथा जल प्रपात का कर्णप्रिय संगीत और जहाँ-तहाँ चट्टानों पर बैठकर विश्राम करती श्रद्धालुओं की टोली, सब कुछ बहुत ही मनभावन लग रहा था। जानकारों के मुताबिक इस परिक्रमा की दूरी करीब 27 किलोमीटर के आसपास होती है। पहाड़ी को पार करते हुये मदार साहब, धरमसागर, अघोर होकर यह विशाल कारवां खेजड़ा मंदिर में पहुंचा। यात्रा में रंग विरंगे कपड़े पहने मुस्कुराते बच्चे, सुन्दर परिधानों से सुसज्जित महिलायें, युवा, युवतियाँ व वृद्धजन अपने-अपने विशिष्ट अंदाज में दिखे। खेजड़ा मंदिर पहुंचने पर वहां महाआरती सम्पन्न की गई व प्रसाद वितरण हुआ। तत्पश्चात सभी सुन्दरसाथ कमलाबाई तालाब से होते हुये किलकिला नदी को पारकर उसी स्थान पर पहुंचे जहां से परिक्रमा शुरू की गई थी।

# लटेरी टोल प्लाजा पर विधायक से अभद्रता, सिरोंज भाजपा विधायक उमाकान्त शर्मा से अभद्रता

**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज /लटेरी।** सोमवार की देर रात मध्य प्रदेश सरकार में सिरोंज/ लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा देर रात लौट रहे थे उसी दौरान बीना ब्यावरा नेशनल हाईवे 752 बी पर बने टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा की गाड़ी रोक दी। विधायक ने जब गाड़ी रोकने का कारण पूछा तो टोल कर्मियों ने विधायक के साथ ही अभद्र व्यवहार कर दिया और विधायक को आधे घंटे तक टोल प्लाजा पर रोके रखा। क्षेत्रीय विधायक का आरोप है कि टोल कर्मचारियों ने उन्हें टोल पर लगभग आधे घंटे परेशान किया इस दौरान उनके साथ अभद्रता भी की गई। क्षेत्रीय विधायक ने अपने गनमैन से तथा खुद विधायक ने टोल प्लाजा पर अपने अपने आईडी कार्ड दिखाए और निकलजाने कि बात कही साथ विधायक श्रीशर्मा ने टोल प्लाजा की रसीद काटकर निकल जाने की बात कही तब भी टोल कर्मचारी विधायक की किसी भी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हुए। विधायक के साथ हुई इस घटना के बाद टोल प्लाजा पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी देखते ही देखते स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और पुलिस महकमा भी टोल प्लाजा पर पहुंच गया। टोल प्लाजा पर क्षेत्रीय विधायक के साथ हुई घटना ने विधायक को झकझोर कर रख दिया इस घटना से नाराज विधायक उमाकान्त शर्मा टोल प्लाजा के डिवाइडर पर बैठ गए। विधायक ने कहा कि अगर मैंने कोई अपराध किया है या मैं किसी नियम के अंतर्गत गलत हूं तो मेरे ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाए। नहीं तो टोल प्लाजा के कर्मचारी यह बताएं कि आखिर मेरे साथ इस तरह का अभद्र व्यवहार क्यों किया गया। हालांकि नाराज विधायक ने तत्काल इस सारे घटनाक्रम की जानकारी विदिशा कलेक्टर विदिशा एसपी सहित भोपाल के आला अधिकारियों को दे दी।

**टोल कर्मियों ने आधे घन्टे रोके रखा विधायक को टोल पर**
**नेशनल हाइवे 752वी बीना ब्यावरा के नेवली टोल प्लाड़ा की घटना**
**लटेरी पुलिस सहित प्रशासन के आला अधिकारी रहे टोल पर मौजूद**
**कलेक्टर, एसपी सहित राजधानी के आला अधिकारियों को घटना की सिरोंज विधायक उमाकान्त शर्मा ने दी जानकारी**
**सत्तापक्ष और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के चहेते सिरोंज भाजपा विधायक उमाकान्त शर्मा को नेशलन हाइवे 752बी नेवली पर बने टोल प्लाजा पर आधे घंटे तक टोलकर्मियों ने निकलने नही दिया।**
**विधायक हाथ जोड़कर टोल की रसीद काटने की मिन्नते करते रहे**



**जब जनप्रतिनिधियों की यह हाल है तो आम आदमी का क्या होगा-**टोल प्लाजा कर्मचारियों का जनप्रतिनिधियों के प्रति दुर्व्यवहार जब इस प्रकार का है तो आम आदमी के प्रति उनका व्यवहार कैसा रहता होगा इससे स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है , पूर्व में भी टोल प्लाजा कर्मचारी और आम आदमी के बीच कहासुनी के मामले देखे और सुने गए हैं लेकिन प्रशासनिक स्तर की कोई भी कार्यवाही टोल प्लाजा कर्मचारी कर्मचारियों के ऊपर नहीं देखी गई जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनके हौसले आसमान छू रहे हैं।

**प्रशासनिक अधिकारियों को दी सूचना-** उपरोक्त घटनाक्रम से नाराज विधायक श्री शर्मा के द्वारा तुरंत ही स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को फोन के माध्यम से सूचना दी गई , एवं अपने साथ हुए घटनाक्रम से अवगत कराया जिस पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर भी पहुंच गए, साथ ही कार्यवाही की बात भी कही।

# बकरी चराने गए मासूम बच्चों की दबंगों ने की पिटाई

**छतरपुर।** जिले में दबंगों का आतंक इस कदर छाया हुआ है कि लोगों का घर से बाहर निकलना तक दूभर हो गया है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर हमेशा प्रश्नचिन्ह लगा रहता है जैसा कि मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड क्षेत्र दबंगों का असर ज्यादा दिखाई देता है और आए दिन दबंगों की दबंगई की खबरें अखबार की सुर्खियां बटोर टी रहती हैं जिस के सामने पुलिस प्रशासन हमेशा नतमस्तक दिखाई देता है मामला बमीठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेठी का है जहां बबलू यादव के दो नाबालिग पुत्र 12 वर्षीय अंकित यादव एवं 14 वर्षीय रोशन यादव अपने घर की बकरियां चराने गए जा रहे थे तभी रास्ते में दबंगों द्वारा उनकी बुरी तरह से मारपीट कर दी गई।जिस से दोनों नाबालिग छात्र बेहोश हो गए जिन्हें लोगों के द्वारा पुलिस की हंड्रेड डायल की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन हैरत की बात यह है कि पीड़ित छात्रों के पिता का कहना है कि जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने उनके बच्चों का सही इलाज नहीं किया और अस्पताल से छुट्टी दे दी वहीं पुलिस ने भी आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की मात्र छोटी मोटी धाराएं लगाकर प्रकरण दर्ज कर लिया और आरोपी गांव में दहशत फैलाते घूम रहे हैं।

# मंगलवार की शाम को दिखा वर्ष का आखिरी चंद्रग्रहण

**संभागी ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण 08 नवंबर मंगलवार को शाम 05 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हुआ जो कि शाम 06 बजकर 22 मिनट तक रहा , चंद्र ग्रहण से 9 घंटे पहले इसका सूतक काल लग गया था सूतक काल लगने के कारण लोगों के द्वारा मंदिर में पहुंचकर भजन कीर्तन आदि किए गए वहीं ग्रहण के प्रभाव के चलते बाजार की रौनक भी प्रभावित रही एवं शाम को ग्रहण की अवधि समाप्त होने के बाद लोगों ने स्नान करने के बाद ही भोजन किया।

# कृषि को लाभ का धंधा बनाने व कृषकों की उन्नति के लिए कार्य कर रही है भाजपा सरकारः वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसेवक श्री मोहन सिंह राठोर जी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भितरवार।** पिछले कई दशकों से घाटीगांव ब्लाक के अंतर्गत आने वाले आरोन-पाटई क्षेत्र के 17 गांव सिंचाई के संसाधनों से आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महरूम बने हुए हैं। इस दौरान कई सरकारें आई और कई सरकारें गई, लेकिन आज भी 17 गांव के किसानों का जीवन स्तर नहीं सुधर सका और ना ही क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो सका। जिसका मुख्य कारण कृषि करने के लिए खेत खलियान तो हैं लेकिन सिंचाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं हो सकी, जिसके चलते धीरे-धीरे लोगों का गांव से पलायन होना शुरू हो गया था। लेकिन पिछले वर्ष से क्षेत्र के किसानों को क्षेत्र में सिंचाई परियोजना आने की आस जाग गई और सभी 17 गांव के किसानों ने सामूहिक रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पिछले वर्ष रानी घाटी के मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था ना होने के कारण हुई बदहाली के संबंध में अवगत कराया। जिस पर उन्होंने उक्त 17 ग्रामों की विकास की लाइफ लाइन के रूप में 10518. करोड़ रुपैया की परियोजना का स्टीमेट संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से तैयार कराया और जिसे राज्य शासन की स्वीकृति के लिए भिजवाया। इसी परियोजना को लेकर मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य में सभी पीड़ित 17 ग्रामों के किसानों और आमजन की चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन पाटई में किया गया। जिसमें प्रमुख तौर पर संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच उपस्थित थे, इस दौरान चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों को अवगत कराते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा 10518.82 करोड़ की सिंचाई परियोजना को लेकर मध्य प्रदेश के सिंचाई मंत्री तुलसीराम सिलावट को निर्देशित किया था। जिस पर श्री सिलावट ने वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा 17 गांव की लाइफ लाइन के रूप में सिंचाई परियोजना तैयार कराई गई है। जो वर्तमान में प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भोपाल में लंबित है। जिस को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को पत्र लिखा गया है। जल्द ही अन्य क्षेत्रों की तरह आरोन पाटई क्षेत्र के किसानों के खेतों में चारों तरफ हरी-भरी फसल दिखाई देगी। इस दौरान उक्त परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए निश्चित किया गया कि वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर के नेतृत्व में सभी असिंचित क्षेत्र के ग्रामों के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर से मिलेगा और उक्त परियोजना को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कराने की मांग करेगा। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने कहा कि वैसे मध्य प्रदेश की सरकार किसान हितेषी सरकार है, किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाएं किसानों के उन्मुखीकरण के लिए बनाई है जिससे कि किसानों की आय में वृद्धि हो और कृषि औद्योगिक इकाई की तरह लाभ का धंधा साबित हो। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से विश्व भर में भारत को सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश माना जाता है। वहीं उन्होंने ग्रामीण जनों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जल्द से जल्द उक्त सिंचाई परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति मिलेगी और क्षेत्र में सिंचाई परियोजना का जाल बिछाया जाएगा जिससे कि प्रत्येक घर में प्रतिदिन दिवाली जैसा माहौल दिखाई दे। इस अवसर पर सैकड़ों जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री दिलीप रावत जी जनपद अध्यक्ष, श्री सुल्तान आदिवासी पाटई सरपंच, शरू मुकेश बघेल करही सरपंच, श्री कोक सिंह परिहार आरोन सरपंच,श्री जितेंद्र रावत सभराई सरपंच, श्री भानु तोमर बड़कागांव सरपंच,श्री रेनु आदिवासी जनपद सदस्य, इंद्रसिंह रावत कोमल रावत महेंद्र तोमर नरेश रावत सुरेश रावत जय सिंह तोमर देवेंद्र परिहार प्रकाश आदिवासी वासुदेव साहू कमल सिंह परिहार जगदीश बघेल अजय कोटिया राधाकृष्ण रावत नरपत सिंह तोमर दीवान आदिवासी सरदार सिंह शिशुपाल रावत सतेन्द्र सिंह रावत जगदीश धाकड संतोष धाकड चंदन सिंह रावत दौलतसिंह रावत हरबिलास बघेल सुरेश शिवहरे धीरज आदिवासी अगर सिंह रावत गजेंद्र सिंह यादव देवेंद्र सिंह रावत विकाश परिहार संतोष आदिवासी मुकेश रावत रामनिवास बघेल नितेश जैन मुरारीलाल आदिवासी संदीप सक्सेना संतोष मिश्रा नंदू दीक्षित संजय माँझी एवं जनपद सदस्य, सरपंच,उपसरपंच आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया माननीय शिवराज सिंह चौहान जी केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी मंत्री और ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी का आरोन पाटी क्षेत्र के असिंचित भूमि को सिंचित करने की दिशा में किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए नरेश रावत पूर्व जनपद सदस्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।





# राजनीतिक अखाड़े में बदला पाला, शिवराज को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा का जागा कांग्रेस प्रेमः बोले जहां जहां राहुल गांधी के पैर पड़ेंगे वहां वहां फूल बिछाऊंगा



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

छतरपुर- मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार को समर्थन देने वाले बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा ने कांग्रेस प्रेम दिखाया है। जिससे अटकलों का दौर शुरू हो गया है। अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले बुरहानपुर के निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा है कि जहां जहां राहुल गांधी के पैर पड़ेंगे वहां वहां फूल बिछाए जाएंगे। राहुल गांधी के लिए 24 किलोमीटर कारपेट बिछाई जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में 20 से 22 नवंबर के बीच एंट्री करेगी। बता दें कि निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह उर्फ शेरा ने पहले कमलनाथ सरकार को अपना समर्थन दिया था। कमलनाथ सरकार जाने के बाद शेरा ने भाजपा की शिवराज सिह चौहान सरकार को अपना समर्थन दिया हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की मध्य प्रदेश में एंट्री से पहले राज्य की सियासत गरमा गई है। एक और जहां भाजपा यात्रा को लेकर जमकर निशाना साध रही है। वहीं कांग्रेस इसे भारत को जोड़ने की यात्रा बता रही है। निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा ने भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन देते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत देश को जोड़ने निकले हैं। सबको साथ लेकर ही यह देश विकास और प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जहां जहां पैर पड़ेंगे वहां वहां फूल बिछाए जाएंगे। उनके लिए 24 किलोमीटर तक कारपेट बिछाया जाएगा। विधायक शेरा के इस बयान के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में घमासान मचने लगा है द्य बता दें कि सुरेंद्र सिंह शेरा पहले भी कांग्रेस में रह चुके हैं, पर 2018 में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत गए। उन्होंने भाजपा की दिग्गज नेत्री, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस को चुनाव हराया था द्य इसके बाद उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को सर्मथन दिया था। कांग्रेस सरकार जाते ही उन्होंने बीजेपी को अपना समर्थन दे दिया। लेकिन अब वह 2023 चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती करने वाले 01 आरोपी के विरूद्ध कायम किया गया अपराधिक प्रकरण

## आरोपी के कब्जे से कुल 950 ग्राम वजनी मादक पदार्थ (गाँजा) के हरे पेड़ कीमती करीब 9500/- रूपये के जप्त




**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती करने, बिक्री करने, भण्डारण करने एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी जयहिन्द शर्मा द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया दिनांक 07/11/22 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति बिक्री के उद्देश्य से मादक पदार्थ (गाँजा) के पेड़ लगाकर खेती कर रहां हैं । थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा तत्काल मुखबिर सूचना के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई । तथा उप निरी जया सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन करते हुये रेड कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थानों पर पहुँचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 950 ग्राम कीमती करीब 9500/- रूपये के अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के हरे पेड़ पाए गए । जिनको पुलिस टीम द्वारा जप्त किया जाकर मौके की कार्यवाही की जाकर थाना देवेन्द्रनगर मे आरोपी के विरूद्ध ह्ष्ठक्क्ज्ञ ड्डष्ह्ल के तहत अपराध क्रमांक 409/2022 पंजीबद्ध किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी जयहिन्द शर्मा, उप निरी जया सोनी, शक्ति प्रकाश पाण्डेय, प्र. आर अनिल बागरी, आर अमर बागरी, भरत पाण्डेय, आदित्य कुशवाहा, संजय बघेल, रामकरण प्रजापति सैनिक गिरजा कुशवाहा की अहम भूमिका रही ।

# सरफराज भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी नियुक्त



भारत जोड़ो यात्रा की पन्ना जिला समन्वयक एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पन्ना श्रीमती दिव्या रानी सिंह द्वारा पवई विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता डा. सरफराज फारूकी को उनकी राजनैतिक सक्रियता को देखते हुए पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत पन्ना के वार्ड क्रमांक 12 का प्रभारी नियुक्त किया गया है उल्लेखनीय है कि श्री फारूकी इससे पहले कांग्रेस पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों में काम कर चुके हैं साथ ही सागर लोकसभा, बड़ामलहरा, दमोह, रैगांव विधानसभा उपचुनाव में प्रभारी की भूमिका निभाकर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में सघन जन संपर्क कर प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई द्य समय समय पर श्री फारूकी जन हितैषी मुद्दों को लेकर आक्रामक रहते है साथ ही पार्टी द्वारा जेल भरो आंदोलन, पुतला दहन, घेराओ, धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लेकर कांग्रेस पार्टी के हित में महत्त्व पूर्ण भूमिका अदा करते है श्री फारूकी ने यात्रा की जिला समन्वयक, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय दिव्या रानी सिंह जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि मुझको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है मैं उसका बखूबी निर्वहन करूंगा ! फारूकी की इस नियुक्ति पर उनके मित्र शुभ चिंतकों और पार्टी नेताओं ने बधाई दी है।

# पुरानी पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत को स्थानांतरण होने पर मित्र मण्डल द्वारा दी गई भव्य विदाई

## प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग के लिए किया धन्यवाद

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** –पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत का शिवपुरी से मुरैना स्थानांतरण होने पर कर्मचारियों एवं उनके मित्र मंडल द्वारा गोपाल जी गार्डन पोहरी बस स्टैंड शिवपुरी पर विदाई समारोह आयोजित किया गया रावत के मित्र मंडल अनिल कुशवाहा, हेमंत यादव द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे समारोह में जनक सिंह रावत को फूल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर कर्मचारी एवं मित्र मंडल द्वारा सम्मानित किया गया पुरानी पेंशन के लिए जिले प्रदेश एवं देश मै संघर्ष किया गया और राष्ट्रीय स्तर पर शिवपुरी का नाम रोशन किया पुरानी पेंशन को जन-जन से लेकर जिले से लेकर प्रदेश देश के कोने कोने तल ले गए यह शिवपुरी के लिए गर्व का विषय था आज स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह में जनक सिंह रावत द्वारा कहा मेरी जन्मभूमि मुरैना थी लेकिन मैंने अपनी कर्मभूमि शिवपुरी में कर्मचारियों के हित और अधिकार के लिए अपनी ओर से भरसक प्रयास किए शिवपुरी जिले सहित प्रदेश और देश के कर्मचारियों का सहयोग मुझे मिला मैं शिवपुरी जिले के कर्मचारियों एवं प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा हमारा सहयोग किया इन के सहयोग से हमारी आवाज सरकार तक पहुंची इस सहयोग को



आजीवन नहीं भूल पाऊंगा मैं जीवन भर ऋणी रहूंगा शिवपुरी के कर्मचारियों शिवपुरी की मीडिया का जिन्होंने मेरा हर समय सहयोग किया एवं कर्मचारियों द्वारा तन मन धन से सहयोग किया मैं आपसे दूर जरूर हूं लेकिन मेरी भावना शिवपुरी के साथ जुड़ी रहेगी पुरानी पेंशन आंदोलन को जब तक लक्ष्य हासिल नहीं होगा मैं तन मन धन से इस आंदोलन को आगे बढ़ाता रहूंगा आप सब के सहयोग के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं मित्र मंडल के अनिल कुशवाहा जी द्वारा कहा गया कि रावत जी ने कर्मचारियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहे किसी भी समस्या के लिए आगे आकर सहयोग किया ऐसे हमारे साथी का स्थानांतरण होने पर हमें दुख भी है लेकिन खुशी है हमारा साथी अपने घर पहुंच गया है इनका मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा हेमंत यादव द्वारा बताया गया कि जनक सिंह रावत जी हमेशा कर्मचारियों के हित के बारे में सोचते रहते थे जहां भी जिले के अंदर कर्मचारियों की समस्या होती उसके लिए तत्पर रहते पेंशन आंदोलन को जिस ऊंचाई तक ले गए कर्मचारी जगत इनका ऋणी रहेगा 4 साल पहले जब रावत जी ने पेंशन की आवाज को बुलंद किया कर्मचारियों ने कहा असंभव है लेकिन हमारे संघर्षशील साथी जनक सिंह रावत द्वारा हमेशा कहा असंभव कुछ भी नहीं 1 दिन में नहीं 1 दिन पुरानी पेंशन अवश्य बहाल होगी आज देश के 4 राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है शिवपुरी का सौभाग्य है कि हमारे साथी ने पेंशन की अलख को जिले से लेकर प्रदेश और देश के कोने कोने तक पहुंचाया और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया ऐसे हमारे संघर्षशील साथी का स्थानांतरण होना हमारे लिए दुखद है लेकिन स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है हम अपेक्षा करते हैं रावत जी हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे आज विदाई समारोह कार्यक्रम में दो सैकडडा कर्मचारी उपस्थित रहे अनिल कुशवाहा हेमंत यादव मित्र मंडल द्वारा सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए।



## शिवपुरी में टोल प्लाजा पर ट्रक ड्राइवर से मारपीट

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के ह॥47 पर स्थित पूरनखे?ी टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों ने एक ट्रक चालक की पिटाई कर दी. टोल प्लाजा से गुजर रहे किसी वाहन चालक ने ट्रक चालक की मारपीट का वीडियो बना कर वायरल कर दिया. कोलारस थाना पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक ट्रक गुना से शिवपुरी की ओर जा रहा था इसी दौरान टोल प्लाजा के कर्मचारियों का ओवरलोडिंग को लेकर ट्रक चालक से विवाद हो गया. कई टोल कर्मियों ने मिलकर ट्रक चालक की जमकर पिटाई कर दी. टोल प्लाजा के मैनेजर संजय गोस्वामी ने बताया के दो ट्रक चालक आपस में झगड़ा कर रहे थे जिन्हें हटाने का प्रयास टोल कर्मियों के द्वारा किया गया था. कोलारस एसडीओपी विजय यादव का कहना है कि उनके संज्ञान में भी ट्रक चालक के साथ मारपीट का वीडियो आया है पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है. इस घटना में ट्रक चालक ने कोई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है.

## चोरों के हौंसले बुलंद, प्रशासन मौन

**पुष्पांजली टुडे से**
**संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**

**करैरा।** अमोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरौदी में रात्रि में सूने मकान में से अज्ञात चोर ताले तोड़कर चोरी कर ले गए जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरौदी मैं आज की दरमियानी रात्रि में जब घर पर कोई नहीं था किसान अपने खेत पर पानी देने के लिए गए हुए थे उसी वक्त अज्ञात चोरों ने राकेश लोधी/ रामबकश लोधी के घर पर हमला बोल दिया सबसे पहले चोरों ने मेन दरवाजे का ताला तोड़ा उसके बाद घर में रखे बक्से का दरवाजा तोड़ा और उसमें रखे नगदी एवं कुछ सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए जिसमें से किसान ने फसल बेचकर के जो 25000 रु, रखा हुआ सोने,चांदी की कीमत लगभग 20000 थी जब हम ने ग्रामीणों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आए दिन हमारे क्षेत्र में घटनाएं घटित हो रही हैं लेकिन प्रशासन ने अभी तक इस पर कोई मजबूत कार्रवाई नहीं हुई जिससे कि हमारे क्षेत्र में हो रही चोरी पर अंकुश लगाया जा सके।

## शिवपुरी पुलिस ने लूट का खुलासा कर आरोपियों को किया गिरफ्तार, लूटा हुआ माल किया बरामद

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** रियादी रमेश पुत्र स्व. श्री पन्नालाल नामदेव उम्र 70 साल निवासी शिव कांलोनी डवरा हाल निवासी राममंदिर गली दामोदर चौबे का मकान कोलारस ने थाना कोलारस पर रिपोर्ट की थी कि दिनांक 28.02.2022 को रात 08.15 बजे मै चाय पीकर अपने रिस्तेदार के घर जा रहा था जैसे ही मै रघुवंशी जी के मकान के पास राम मंदिर गली मे पहुंचा तो पीछे से एक लड़के ने मुझे धक्का मारा और मै पैरों से लाचार हूं जो धक्के से नीचे गिर गया । इसके बाद उस लडके ने मेरी शर्ट की ऊपर की जेब मे रखा हुआ बीवो कंपनी का मोबाईल जिस के कवर मे 500-500 रूपये के 18 नोट रखे थे छींन लिया और भाग गया । घटना पर से घटना की सूचना बरिष्ठ अधिकारियों को दी गई एवं थाना कोलारस पर लूट की धाराओं मे अवराध कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

लूट एवं अन्य गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के श्रीमान ए.डी.जी. जोन ग्वालियर श्री डी. निवास वर्मा के निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा समस्त थानों को लूट एवं अन्य गंभीर अपराधों मे थाना प्रभारियों को प्राथमिकता से आरोपियों की गिरफ्तारी एवं माल मश्रुका बरामद करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलारस मनीष कुमार शर्मा द्वारा मुखबिर सक्रिय किये गये । इस लूट के संबंध में मुखबिर ने सूचना दी कि उक्त घटना को दो लोगों ने कारित किया है, उक्त सूचना पर से पुलिस द्वारा एक आरोपी को पकड़ कर पूछताछ की तो आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अपराध को कारित करना स्वीकार किया, जिसपर से आरोपी को गिरफ्तार किर उसकी निशादेही पर उक्त लूटा गया मोबाईल बरामद किया है एवं दूसरे आरोपी की तलास पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है । इस लूट का खुलासा करने में टीआई मनीष कुमार शर्मा के साथ ही उनि0 एसएस जादौन सउनि0 रामसिह भिलाला प्र0आर0 776 नीतू सिह आर0 1035 सौरभ पचौरी आर0 958 अनिल सिह आर0 237 नाहर सिंह, आर. 565 गजराज सिंह आर0 364 ओम सिह की मुख्य भूमिका रही ।

## भारत जोड़ो यात्रा में नेता प्रतिपक्ष के काफिले पर स्वागत के दौरान हवाई फायर

**मोनू बाथम**

### नेता प्रतिपक्ष ने लगाए कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के गंभीर आरोप



**गोहद।** भिंड जिले से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा ने मंगलवार को जैसे ही ग्वालियर जिले में प्रवेश किया। भिंड जिले के गोहद विधानसभा क्षेत्र के आगे मालनपुर बरैठा टोल प्लाजा से जैसे ही यात्रा ने ग्वालियर जिले में प्रवेश व लक्ष्मण गढ़ पर स्वागत के दौरान एक यात्री ने हवाई फायर कर दिया हवाई फायर के दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह एवं भिंड जिले के कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारी यात्रा में सम्मिलित से डॉक्टर गोविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि छोटू तोमर नाम का लड़का हमारे पास में खड़ा था उसी दौरान एक शरारती तत्व अजनबी यात्री ने आकर कट्टे से फायर कर दिया। वह किसको मारने आया था यह मुझे नहीं पता मेरे पास में छोटू तोमर नाम का लड़का खड़ा था। उसका क्या उद्देश्य था। उसी दौरान भारत जोड़े यात्रा में 250 से 300 लोगों तक की भीड़ थी लोगों ने उसे पकड़ लिया भीड़ उसे मारने लगी तो मैंने उसे छुड़ा दिया तो घटना स्थल से वह भाग गया। इसी दौरान डॉक्टर गोविंद सिंह ने ग्वालियर पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी दी एवं उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए मध्यप्रदेश शासन को आड़े हाथों लिया है उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ग्वालियर पुलिस के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई थी कोई बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर पुलिया के नीचे जा गिरा, 3 किसानों की मौत




**शिवपुरी।** जिले के नरवर थाना क्षेत्र में जैतपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा. हादसे में ट्रैक्टर चालक सहित 3 लोगों की ट्रैक्टर के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई. मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवा देने वाले तीनों लोग नरवर मंडी में फसल बेचकर सोमवार की देर शाम ट्रैक्टर से अपने गांव जैतपुर जा रहे थे. तभी गांव के पास बनी पुलिया से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गिर पड़ा. इस हादसे में ट्रैक्टर चला रहे दीपक सौलंकी ट्रैक्टर की स्टेरिंग में फंस गया. ट्रैक्टर पर सवार दो अन्य कृषक रामदयाल और घनश्याम ट्रैक्टर के नीचे दब गए. राहगीरों ने ट्रैक्टर को सीधा करने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान करीब आधा घंटा लग गया. हादसे में घनश्याम बाथम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ड्राइवर दीपक सोलंकी और रामदयाल कुशवाह को ट्रैक्टर के नीचे निकालकर गंभीर स्थिति में नरवर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां रामदयाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया वहीं ट्रैक्टर के ड्राइवर दीपक सोलंकी को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया लेकिन उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया. इस दर्दनाक हादसे में 3 लोगों की मौत हो जाने से क्षेत्र में मातम पसर गया.

### राहुल गांधी की यात्रा से पहले

## जयवर्धन सिंह ने निकाली पदयात्रा

### भाजपा नेताओं के लिए कही-बड़ी बात

**गुना।** राघोगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने किसान सम्मान पदयात्रा निकाली. पदयात्रा का समापन ढाढोन्या बिजली सब स्टेशन पर किया गया. जयवर्धन सिंह ने किसानों के बीच सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि, बिजली विभाग किसानों को गुमराह करने का काम कर रहा है. वसूली के नाम पर किसानों को बड़े बड़े बिल थमा दिए जाते हैं. बोवनी के समय की बिजली काट दी जाती है. जिससे अन्नदाता को खेती करने में परेशानी होती है. किसानों से बिजली कर्मचारियों के विवाद भी होते हैं.

**यात्रा में जयवर्धन की अहम भूमिका**–जयवर्धन सिंह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए बुरहानपुर रवाना होने वाले हैं. जयवर्धन 18 दिनों तक भारत जोड़ो यात्रा में रहेंगे. मध्यप्रदेश से जब यात्रा गुजरेगी तब जयवर्धन भी उसमें भूमिका निभाएंगे.



जयवर्धन के पिता दिग्विजय सिंह भारत जोड़ो यात्रा के मुख्य संयोजक हैं.

## शिवपुरी में दो सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत

शहर में एसपी बंगला के सामने बाइक और लोडिंग वाहन की भीषण भिड़ंत हो गई. इस हादसे में बाइक चालक की जान चली गई. लोडिंग चालक दुर्घटना के बाद मौके से वाहन को छोड़ कर फरार हो गया. हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुचाया. यहां डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है. शराब के नशे में था चालक- जानकारी के अनुसार कपिल शर्मा (35) दामोदर प्रसाद शर्मा निवासी सेवड़ा थाना सुभाषपुरा का रहने वाला था. अपने बच्चो को पड़ाने के लिए शिवपुरी शहर की गांधी कॉलोनी में रहता था. बीती रात वह पोहरी बस स्टैंड की ओर जा रहा था. इस दौरान एसपी बंगला के सामने पोहरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार अशोक लीलैंड की लोडिंग वाहन ने कपिल की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी.

# शिवपुरी पुलिस की सट्टा खिलाने बालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही, पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा पांच सटोरियों को गिरफ्तार कर की कार्यवाही

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध रुप से सट्टा चलाने वालो के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन में सटोरियो के विरूध्द कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना खनियांधाना द्वारा आज दिनांक 08.11.2022 को थाना प्रभारी निरी. तिमेश छारी के नेतृत्व अवैध सट्टा चलाते हुये 5 लोगों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है ।

01.आरोपी नं. 01 उम्र 35 निवासी हरदौल मौहल्ला का होना बताया समक्ष पंचान उसके कब्जे से चार पर्ची सट्टे की अंक लिखी व एक डाट पेन का व नगदी कुल 520/- रूपये

02.आऱोपी नं. 02 उम्र 35 साल निवासी ग्राम जालमपुर खनियाँधाना का होना बताया समक्ष पंचान उसके कब्जे से तीन पर्ची सट्टे की अंक लिखी व एक डाट पेन का व नगदी कुल 480/- रूपये



03.आऱोपी नं. 03 उम्र 35 साल निवासी रेतगोई मौहल्ला खनियाँधाना का होना बताया समक्ष पंचान उसके कब्जे से दो पर्ची सट्टे की अंक लिखी व एक डाट पेन का व नगदी कुल 1060/- रूपये

04.आऱोपी नं. 04 उम्र 30 साल निवासी टेकरी मंदिर के पीछे खनियाँधाना का होना बताया समक्ष पंचान उसके कब्जे से तीन पर्ची सट्टे की अंक लिखी व एक डाट पेन का व नगदी कुल 440/- रूपये

05.आऱोपी नं. 05 उम्र 28 साल निवासी हरदौल मौहल्ला वार्ड क्र 07 खनियाँधाना का होना बताया समक्ष पंचान उसके कब्जे से चार पर्ची सट्टे की अंक लिखी व एक डाट पेन का व नगदी कुल 480/- रुपये होना पाया गया । जिन्हे प्रथक प्रथक जप्त कर उक्त आरोपीगणो से कुल 2980 रुपये 16 सट्टा अंक लिखी पर्चियां व पांच डाट पेन जप्त कर अपराध क्रमांक 643/22,644/22,645/22,646/22, 647/22 धारा 4(क) सट्टा अधिनियम का कायम कर आरोपीगणों के विरूध्द इस्तगासा क्रमांक 58,59,60,61,62/2022 धारा 151 जाफौ. मे गिरफ्तार कर उपजेल पिछोर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खनियाँधाना तिमेश छारी एवं उनि के पी शर्मा, प्र.आर 324 राजकुमार सेगर, आरक्षक 1046 बलराम यादव, आर. 861 आशीष प्रताप, आर. 857 धर्मेन्द्र किरार, आर. 644 देवेन्द्र गुर्जर, आरक्षक 211 लालसिंह, आरक्षक 621 बनबारी भिलाला आरक्षक 858 सत्यवीर गुर्जर आर. 408 धर्मेन्द्र सिह की सराहनीय भूमिका रही ।

# सुनील ने नींद उड़ा दी, अपना विभाग भूल गली-गली घूमने को मजबूर उर्जा मंत्री

**ग्वालियर।** राजनीति में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा सरकार के ही उर्जा मंत्री और अपने पुराने साथी प्रघुम्न सिंह तोमर के कोई कार्यक्रम हो या कहीं उनका दौरा हो, वह पहले तुरंत पहुंच जाते है और उनकी कमियां भी खूब निकाल लेते हैं। हजीरा सब्जी मंडी को लेकर भी कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने काफी आंदोलन कर मंत्री जी को बैचेन कर रखा था। हालांकि मंत्री जी सत्ता के सहारे मंडी हटवाने में सफल तो हो गये थे, लेकिन सुनील शर्मा फिजां बिगाड़ने में आगे रहे। उन पर मामला भी दर्ज किया गया और गिरफ्तारी भी हुई, लेकिन सुनील शर्मा अड़े ही रहे। अब सुनील ने उर्जा मंत्री के क्षेत्र में सड़कों को लेकर मंत्री जी को ही सड़क पर आने को मजबूर कर दिया हैं।



अब मंत्री जी भी विपक्ष की भूमिका में अपने अधिकारियों को कोस-कोस कर चप्पलें ही छोड़ बैठे हैं। सर्दी की शुरूआत में ही मंत्री जी को नंगे पैर घूमने से ठंड बैठ गई है और सर्दी का प्रकोप भी होने लगा हैं। लेकिन मंत्री जी तो चप्पलें छोड़कर सड़कें सुधरवाने का संकल्प लेकर अपने क्षेत्र की सड़कों की कायापलट करने में लगे हैं। उन्हें अब 2023 के चुनाव की आहट भी सुनाई पड़ने लगी हैं। लेकिन अब सुनील शर्मा ने नया मुददा बिजली संकट का पकड़ लिया हैं। उनका कहना है कि मंत्री जी पहले आप अपने विभाग को ही दुरूस्त कर लो फिर अन्य विभागों के मुददे उठाना। उनके ही गृह विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त बिजली संकट है और बिजली दिग्विजय युग की याद दिलाने लगी हैं। गायत्री नगर, गांधी नगर, कांती नगर, विकास नगर, न्यू कुशल नगर, न्यू गायत्री नगर, पड़ाव क्षेत्र में जबरदस्त बिजली संकट हैं। यहां दिन में 10 से 15 बार लाइट जाती है और कभी कभी घंटों-घंटों गायब रहती है, यहां अब स्थानीय रहवासी बिजली विभाग के साथ-साथ सरकार को भी कोसने लगे हैं, लेकिन सरकार के उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर अपने विभाग को न देखकर नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह के अधीन आने वाले नगर निगम जैसे विभाग की छीछलेदार फजीती कराने पर आमादा है। निगम कमिश्नर संजीदगी से काम करा रहे। हालांकि निगम कमिश्नर किशोर कान्याल दोहरी खाई में फंसे हैं। विभिन्न नेताओं और मंत्रियों के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष दबाब के बाबजूद वह शहर की कायापलट करने में लगे है। उन्होंने बारिश के दौरान खराब हुई सड़कों के पेच रिपेयर करवाये है और कई जगह नई सड़कें भी बनवाई हैं। वह तो काम कर रहे हैं, लेकिन सड़कों के ठेका लेने वाले भाजपाई व अन्य नेता ही सड़क निर्माण में लेतलाली कर रहे है और यदि वह कार्रवाई करते भी हैं तो उन पर कार्रवाई रोकने का नाजायज दबाब भी बनाया जाता हैं। अब वह परेशान है कि किसकी सुने और किसकी न सुने। हालांकि नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह से लेकर मुख्यमंत्री व सीएस भी उनके कराये कार्यों से बेहद संतुष्ट है उनकी इमेज भी अच्छे अधिकारियों में हैं, लेकिन कांग्रेस की महापौर आने से कांग्रेसी भी उनके कामों में अडंगा लगाते है, लेकिन फिर भी पक्ष विपक्ष दोनों को साथ लेकर चलने में उनको महारत हासिल हैं। ग्वालियर में उन्होंने स्वच्छ निगम प्रशासन देकर व स्वच्छता सर्वेक्षण में सराहनीय काम किया है, भले ही स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम ग्वालियर को कोई रेंक न मिली हो, लेकिन आम लोगों के दिलों में जरूर नगर निगम की बेहतर छवि हुई है।

## कनवर के दिन फिरे, अभय ने पहली नियुक्ति में दादा के नवरत्न को मौका दिया

भाजपा जिलाध्यक्ष पद से कमल माखीजानी की छुटटी के बाद अब सिंधी समाज से लोकप्रिय भाजपा नेता कनवर मंगलानी के दिन फिर गये है। पार्टी में उनकी पूछपरख भी ब? गई है अब भाजपा के नये जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने अपनी पहली नियुक्ति के रूप में लैटर जारी कर कनवर मंगलानी को आईटी व सोशल मीडिया प्रकोष्ठ का जिला संयोजक भी बना दिया है। कनवर पहले से ही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ने उनकी पहली नियुक्ति कर सीधा यह संदेश दिया है कि वह कनवर मंगलानी को अपने साथ मुख्य भूमिका में रखेंगे। वैसे भी अभय चौधरी दक्षिण विधानसभा के इच्छुक हैं और सिंधी समाज की बहुतायात के कारण वह कनवर की लोकप्रियता को नजरअंदाज नहीं कर सकेंगे। इधर कनवर मंगलानी भी भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता तो है ही और वह बजरंगी दादा जयभान सिंह पवैया के नवरत्नों में से एक प्रमुख नवरत्न भी है, जो उनकी सांसदी के समय से बिना पद पावर के भी उनके साथ हमेशा रहा है और आज भी बजरंगी दादा के प्रमुखों में सबसे आगे हैं।

## सिगरेट-गांजा पिलाया, सहमे छात्र ने स्कूल जाना छोड़ा

ग्वालियर। 15 साल के स्टूडेंट को कुछ लड़के जबरन किले पर ले गए, जहां उन्होंने उसे चप्पलों से पीटा और चांटे मारे। उसे जबरन सिगरेट और गांजा भी पिलाया। घटना के बाद से पीड़ित छात्र इतनी दहशत में है कि उसने स्कूल तक जाना छोड़ दिया है। मामला ग्वालियर के लोको तानसेन रोड का है। आरोपी कुछ दिन पहले पीड़ित छात्र को जबरदस्ती किले पर लेकर गए थे। उन्होंने उस पर किसी लड़की को छेड़ने का आरोप लगाकर चांटे मारे। मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। दहशत के चलते छात्र महीनेभर से स्कूल तक नहीं जा रहा है। सोमवार को आरोपी एक बार फिर आए और लड़के को किले पर ले जाने लगे। छात्र ने विरोध किया तो उसे बेल्ट से पीटा। पीड़ित छात्र माता-पिता के साथ पुलिस अफसरों के पास पहुंचा। जहां उसने चप्पल से पिटाई का भी दिया। दसवीं क्लास के 15 वर्षीय छात्र ने पुलिस अफसरों को बताया- यश माहेश्वरी, जतिन, साहिल शिवहरे, निहाल परिहार व हिजार खान मुझे आए दिन परेशान कर रहे हैं।



# भिंड और मुरैना से आई भारत जोड़ो यात्रा की जोरदार अगवानी की गई

**ग्वालियर ।** भिंड और मुरैना से आज भारत जोड़ो यात्रा ग्वालियर पहुंची । भिंड की यात्रा का स्वागत बरेठा पर और मुरैना की यात्रा का स्वागत रायरू चौराहे पर गर्मजोशी के साथ किया गया। मप्र विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के नेतृत्व में आज भिंड से प्रारंभ हुई भारत जोड़ो यात्रा का बरेठा में भिंड ग्वालियर भारत जोड़ो यात्रा के मॉनिटरिंग प्रभारी मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सहाब सिंह गुर्जर ने अगवानी की। उधर मुरैना से आई यात्रा का नेतृत्व विधायक राकेश मावई कर रहे थे,जिसकी अगवानी यात्रा प्रभारी पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबू जी के साथ विधायक डा.सतीश सिकरवार ,पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ,जिलाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,कांग्रेस महासचिव सुनील शर्मा ने की। पुष्पहारों से पद यात्रियों को लाद दिया गया और आतिशबाजी की गई। यात्रा में राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे गुनते रहे। भिंड की पद यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई पिंटो पार्क पहुचीं जहां पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, भारत जोड़ो यात्रा ग्वालियर के प्रभारी रामसेवक सिंह बाबूजी, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार को भारत जोड़ो यात्रा का ध्वज और संविधान की प्रति सौंपी। ग्राम बरेठा में मप्र विधानसभा नेताप्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह भारत जोड़ो यात्रा में उपस्थित कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज देष में भाजपा वर्ग संघर्ष कराने की साजिष कर रही है, मंहगाई, बेरोजगारी, किसानो के साथ विष्वासघात कर रही है, चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है, विकास रूका हुआ है, ऐसे कठिन समय में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा देश की एकता, भाईचारा और देश हित में है। विधायक डा.सिकरवार ने कहा कि आम आदमी मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है और भाजपा नेता मजे कर रहे हैं,भाजपा नेता मंहगाई और बेरोजारी की बात क्यों नहीं करते हैं।उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश भाजपा सरकार ने कर्ज में डूबो दिया है,विकास कार्य ठप पढ़े हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा को जबरदस्त समर्थन मिलने से भाजपा नेता बौखला गए हैं।इसलिए अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं।जनता बदलाव चाहती है,और परिवर्तन होना तय है। कांग्रेस महासचिव सहाब सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा देशतोड़ने की साजिश कर रही है, कांग्रेस भारत जोड़ रही है, भारत सर्वधर्म सद्भाव, भाईचारा के लिए सारे विष्व में एक मिसाल कायम कर रहा है, लेकिन भाजपा नफरत और भय की राजनीति कर के देष का अमन, शांती भंग कर रही है, आज हर वर्ग किसान, मजदूर, यूवा, महिलांए, बुजुर्ग नौजवान अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है, कांग्रेस इन वर्गो के हितो की रक्षा के लिए भारत जोड़ो यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में पार्षद अवधेश कोरव, अंकित कट्ठल,सुरेंद्र साहू,सुरेश प्रजापति ,विजय बहादुर त्यागी समेत तमाम कांग्रेस जन मोजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्र में भी टोंटी से मिलेगा पानी: मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** जल जीवन मिशन के तहत अब ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे ग्रामीणों के घर भी टोंटी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। शहरों की तरह ही ग्रामीण क्षेत्र में भी अब लोगों को पेयजल के लिये घर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने मंगलवार को ग्राम चकमेहरोली में 61 लाख 18 हजार रूपए एवं ग्राम सकतपुरा में लगभग 50 लाख रूपए की लागत से नल-जल योजना के प्रस्तावित कार्यों का भूमिपूजन करते हुए यह बात कही।




उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि नल-जल योजना के माध्यम से पानी की टंकी का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाईनों के माध्यम से घर-घर तक पानी पहुँचे का कार्य किया जायेगा। इन दोनों योजनाओं के निर्माण से बड़ी संख्या में लोगों को पेयजल की परेशानी से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को पानी लाने के लिये कुँए या हैंडपंप तक जाने की आवश्यकता नहीं प?ेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम चकमेहरोली में 61 लाख 18 हजार रूपए की लागत से भू-स्तरीय पानी की टंकी (संपवेल) का निर्माण किया जायेगा, जिसमें 40 हजार लीटर पानी की क्षमता होगी। इसके साथ ही 2500 मीटर पानी की लाईन बिछाने का कार्य भी किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 101 परिवारों को घरेलू कनेक्शन उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार ग्राम सकतपुरा में 49 लाख 96 हजार रूपए की लागत से 40 हजार लीटर क्षमता का संपवेल और 2 हजार लीटर पानी की लाईन बिछाने का कार्य किया जायेगा। यहाँ पर 170 परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जायेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिला संघ ग्वालियर ने मनाया भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस

राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 07 नवंबर 2022 को भारत स्काउट एवं गाइड का स्थापना दिवस जिला ग्वालियर में मनाया गया। जिला मुख्य आयुक्त बृजेन्द्र सिंह जादौन(लाल जी), मुन्नालाल गोयल अध्यक्ष राज्य बीज निगम(कैबिनेट मंत्री), दीपक पांडे संयुक्त संचालक लोकशिक्षण संभाग ग्वालियर,सुरेन्द्र सिंह भदौरिया प्रांताध्यक्ष म प्र राज्य कर्मचारी संघ व जिला सचिव भारत स्काउट एवं गाइड ग्वालियर, शिवनारायण गुप्ता,श्रीमति रेशू राजावत जिला उपाध्यक्ष, विनय अग्रवाल हेड क्वार्टर आयुक्त, मदन गुप्ता पूर्व ए एस ओ सी, एस डी उपाध्याय जिला कोषाध्यक्ष, शंकर सिंह ए एस ओ सी, सुरेश चंद्र शर्मा डीटी सी, अजय मिश्रा पत्रकार,को अवनीश मिश्रा प्रशिक्षण सलाहकार, प्रताप माहौर कार्यालय सहायक, गगन शर्मा रोबर द्वारा ध्वज लगाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया।

## सूदखोर घर आकर करता था बेइज्जत, सड़क पर पी लिया एसिड, मौत

ग्वालियर। ग्वालियर में सूदखोर की प्रताड़ना से तंग आकर एक ऑटो चालक ने तेजाब पीकर खुदकुशी कर ली। 60 वर्षीय ऑटो चालक अशोक के पास किराए की ऑटो थी। जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। पर कुछ दिन पहले ऑटो सही कराने लिए रुपए उसकी जिंदगी पर भारी पड़ गए। ब्याज सहित रकम देने के बाद भी सूदखोर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

## मालगाड़ी की पांच बोगी हुई बेपटरी, रेल ट्रैक बाधित

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मंगलवार को झांसी-ग्वालियर के बीच रेत यातायात प्रभावित हुआ है। कारण झांसी के पास डिरेलमेंट है। भोपाल से कानपुर जा रही मालगाड़ी (स्पेशल ट्रेन) की पेट्रोल से भरी पांच टैंकर बोगी वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन (झांसी) के डाउन रेल यार्ड के पास बेपटरी हो गई। मालगा?ी के बेपटरी होने के कारण कानपुर-माणिकपुर के साथ ही भोपाल व ग्वालियर से झांसी वाला अप व डाउन रेल ट्रैक बाधित होने से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन घंटों बाधित रहा।डिरेलमेंट के कारण आधा दर्जन ट्रेनों को डायवर्ट कर उनके गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 11 को



**ग्वालियर ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारयण शेजवलकर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशीष तिवारी ने बताया कि बैठक में अमृत सरोवर एवं जल जीवन मिशन, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, अमृत योजना, विभिन्न योजनाओं के तहत सड़क निर्माण के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण, रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण प्रस्तावित परियोजना, डबरा में बनने वाले सेंट्रल स्कूल निर्माण कार्य की समीक्षा, आयुष्मान भारत योजना के साथ ही ग्राम पंचायतों को डिजिटाइजेशन करने की प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। सीईओ जिला पंचायत तिवारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग की विस्तृत जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्यत- उपस्थित हों।

# लंपी वायरस से बचाव के लिये संभाग में अब तक 3,51,560 पशुओं को लगे टीके

**ग्वालियर।** ग्वालियर एवं चम्बल संभाग में गौ-वंशीय पशुओं को लम्पी वायरस की बीमारी से बचाने के लिये अभियान बतौर टीकाकरण किया जा रहा है। दोनों सम्भागों में अब तक 3 लाख 51 हजार 560 पशुओं को लम्पी संक्रमण से बचाने के लिये टीके लगाये जा चुके हैं। इसके अलावा ग्वालियर नगर निगम द्वारा गौ-शालाओं एवं निराश्रित पशुओं को मिलाकर 8 हजार 500 टीके लगाये गए हैं। संभागीय संयुक्त संचालक पशुपालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर जिले में अब तक 65 हजार 552 पशुओं को लम्पी वायरस से बचाव के लिये टीके लगाये जा चुके हैं। इसी तरह दतिया जिले में 12 हजार 771, शिवपुरी जिले में 62 हजार 596, गुना में 73 हजार 400 व अशोकनगर जिले में अब तक 12 हजार 658 पशुओं को टीके लग चुके हैं। चम्बल सम्भाग के अंतर्गत भिंड जिले में 49 हजार 290, मुरैना में 52 हजार 820 और श्योपुर जिले में अब तक 22 हजार 473 पशुओं को लम्पी वायरस से बचाने के लिये टीके लगाये जा चुके हैं। दोनों सम्भागों के सभी जिलों में टीकाकरण का कार्य लगातार जारी है।






स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478